सुविचार

ज़िंदगी कितनी भी कठिन लगती रहे, आप हमेशा कुछ न कुछ कर सकते हो और सफल हो सकते हो।

Daily

सच के हक में...

# THE PHOTON NEWS

Published from Ranchi

Ranchi • Sunday, 21 May 2023 • Year : 01 • Issue : 124 • Ranchi Edition • Page : 12 • Price : 3 • www.thephotonnews.com

E-Paper : epaper.thephotonnews.com




देशद्रोही नेताओं के खिलाफ बोलने से... 08

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 61,729.68 |
| निफ्टी | : | 18,203.40 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,765 |
| चांदी | : | 79.00 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

# कर्नाटक : सिद्धरमैया ने ली CM पद की शपथ, DK शिवकुमार बने डिप्टी CM

## कर्नाटक की जनता से किये सभी वादे पूरे करेगी कांग्रेस : मल्लिकार्जुन खड़गे

**AGENCY BENGALURU :** कर्नाटक में शनिवार को नई सरकार का गठन हो गया। कांग्रेस नेता सिद्धारमैया ने राज्य के नए मुख्यमंत्री और डीके शिवकुमार ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। बेंगलुरु के कांटेरावा स्टेडियम में राज्यपाल थावर चंद गहलोत ने सभी मंत्रियों को शपथ दिलाई। कर्नाटक सरकार के इस शपथ ग्रहण समारोह में राहुल गांधी, प्रियंका वाड्रा और कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ ही विपक्षी दलों की एकजुटता दिखाई दी। इस दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल और हिप्र के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू तथा एमके स्टालिन, तेजस्वी यादव , हेमंत सोरेन और महबूबा मुफ्ती, सीताराम येचुरी, फारूक अब्दुल्ला, डी राजा, दीपांकर भट्टाचार्य आदि मौजूद रहे।

कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी की नई सरकार के गठन के बाद पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि कर्नाटक की जनता से किये गये सभी वादे को पूरा किये जाएंगे। खड़के ने कहा कि चुनाव के समय जिन पांच वादों को कांग्रेस ने कर्नाटक की जनता से किया था, उसे तय समय में पूरा किया जाएगा।



बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम में नए सीएम सिद्धारमैया को शपथ दिलाते राज्यपाल थावर चंद गहलोत • एजेंसी

### प्रधानमंत्री मोदी ने सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार को दी बधाई

जापान की यात्रा पर गए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को सिद्धारमैया को कर्नाटक के मुख्यमंत्री और डीके शिवकुमार को उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट कर कहा, सिद्धारमैया को कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने और डीके शिवकुमार को उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई। अपने ट्वीट में उन्होंने कहा कि फलदायी कार्यकाल के लिए उन्हें मेरी शुभकामनाएं।

### कर्नाटक की जनता से किए वादे को हम पूरा करेंगे : राहुल गांधी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि हमने कर्नाटक की जनता से जो पांच वादे किए थे, उसे पूरा कर-के दिखाएंगे। सूबे की जनता को धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा कि हम जो कहते हैं, वह कर के दिखाते हैं। राहुल गांधी ने शनिवार को कर्नाटक में सिद्धारमैया के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान कहा कि कांग्रेस पार्टी ने कर्नाटक की जनता से जो पांच वादे किए हैं, उसे पूरा किया जाएगा। अगले एक दो घंटे में कर्नाटक की नई सरकार की पहली कैबिनेट की बैठक होनी है। बैठक में हमारे जो पांच वादे हैं, वे कानून बन जाएंगे। राहुल ने कहा कि हम जो कहते हैं, उसे पूरा करते हैं। कर्नाटक की जनता ने कांग्रेस पर भरोसा जताया है। इसके लिए राज्य की जनता बधाई की पात्र है। आज नफरत के बाजार में कर्नाटक ने लाखों मोहब्बत की दुकानें खोली है। इसके लिए कर्नाटक की जनता बधाई की पात्र है। हम झूठे वादे नहीं करते हैं। कर्नाटक की नई कांग्रेस सरकार पहली कैबिनेट में 05 वादे पूरे करेगी। अपने संबोधन में राहुल ने कहा कि इस जीत का सिर्फ एक कारण है कि कांग्रेस पार्टी कर्नाटक के गरीबों, कमजोरों, पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों के साथ खड़ी हुई।

### शपथ ग्रहण समारोह में सीएम हेमंत सोरेन सहित प्रदेश कांग्रेस के कई नेता हुए शामिल

कर्नाटक के नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित प्रदेश के कई कांग्रेस नेता शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार सहित उनकी कैबिनेट को बधाई दी। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु में मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होकर बहुत खुशी हुई। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक दल के नेता और मंत्री आलमगीर आलम, महागामा से कांग्रेस विधायक दीपिका पांडे सिंह भी शामिल हुईं। प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, डिप्टी सीएम डीके शिव कुमार एवं सभी मंत्रियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस की प्रचंड बहुमत की सरकार बनने के बाद पूरे देश में एक अच्छा संदेश गया है। नेताओं ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी को जनता का समर्थन मिल रहा था, उससे अंदाजा लगाया जा रहा था कि अब भाजपा की सरकार आखिरी सांस ले रही है।



शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद सीएम हेमंत सोरेन, राहुल गांधी व अन्य

अब समय आ गया है कि सभी विपक्षी पार्टियां साथ मिलकर मजबूती के साथ केंद्र सरकार एवं बीजेपी शासित राज्य की सरकारों के द्वारा किए गए भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी के खिलाफ आवाज बुलंदी के साथ उठाए। देश की जनता भाजपा की सरकार से परेशान है। जनता परिवर्तन चाहती है।

विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने भी सिद्धारमैया एवं डीके शिवकुमार और मंत्री मंडल के सभी सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव के परिणाम के बाद केंद्र में भाजपा की सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। अब देश की जनता भाजपा के नेताओं के झांसे में आने वाली नहीं है। जब से भाजपा की केंद्र में सरकार बनी है, भ्रष्टाचार, महंगाई और बेरोजगारी से लोग परेशान हैं।

महागामा विधायक ने कहा कि इस ऐतिहासिक पल के लिए समस्त कर्नाटकवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। आज कर्नाटक में जन-जन की सरकार ने शपथ ली है, जिसका सिर्फ राज्य की जनता के सर्वांगीण विकास से सरोकार है।

**BRIEF NEWS**

### बंगाल में चुनाव बाद हिंसा की जांच कर रही सीबीआई की चार यूनिट बंद

**KOLKATA :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पश्चिम बंगाल में चुनाव बाद हिंसा से संबंधित मामलों की जांच कर रही चार इकाइयों को बंद कर दिया है। जांच से संबंधित सारे दस्तावेज कोलकाता के संबंधित कार्यालय में जमा करने को कहा गया है। दो साल पहले 02 मई 2021 को विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद राज्य भर में भाजपा कार्यकताओं के खिलाफ हिंसा भड़क गई थी। बाद में कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने घटना की जांच शुरू की और चार अलग-अलग विशेष जांच यूनिट तैयार की गई। अब दिल्ली से सीबीआई मुख्यालय के निर्देश पर इन चारों यूनिट को बंद कर दिया गया है। इससे संबंधित जो भी दस्तावेज इन यूनिट्स के पास हैं, उसे सॉल्टलेक के सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित केंद्रीय एजेंसी के एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) दफ्तर में जमा करने को कहा गया है। इन यूनिट में जिन अधिकारियों को रखा गया था उन्हें उनके विभाग में वापस लौटाया गया है। सीबीआई सूत्रों ने बताया है कि केंद्रीय एजेंसी के मुख्यालय से जो निर्देश मिले हैं उसी के मुताबिक काम शुरू कर दिया गया है।

### नियंत्रण रेखा पर मारा गया पाकिस्तानी घुसपैठिया

**POONCH :** जम्मू संभाग के पुंछ जिले के बालाकोट सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर शनिवार को एक पाकिस्तानी घुसपैठिये को मार कर सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार सुबह मेंढर सब डिवीजन के बालाकोट सेक्टर में तैनात जवानों ने पाकिस्तानी सीमा से भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश करते हुए एक घुसपैठिए को देखा तो उसे चेतावनी दी गई। जवानों की बार-बार चेतावनी पर जब घुसपैठिये ने ध्यान नहीं दिया तो सैनिकों ने गोलियां चलाईं। जवानों की गोलीबारी पर घुसपैठिये ने वापस भागने की कोशिश की लेकिन इस दौरान लगी गोली से उसकी मौत हो गई। घटना के बाद सुरक्षा बलों के तलाशी अभियान के दौरान घुसपैठिए के शव के साथ एक आईईडी और नशीला पदार्थ बरामद हुआ है।

### पुलवामा जिले में आतंकवाद से जुड़े केस में चार स्थानों पर एनआईए का छापा

**PULWAMA :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार सुबह पुलवामा जिले में आतंकवाद से जुड़े एक मामले में चार स्थानों पर छापा मारा। एनआईए ने यह कार्रवाई गुस्सू, राजपोरा, अवंतीपोरा और त्राल में की है। अधिकारियों के एनआईए के अधिकारियों की टीम जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों के साथ संबंधित जगहों पर पहुंची। सूत्रों के मुताबिक एनआईए को इस कार्रवाई के दौरान संदिग्ध दस्तावेज मिले हैं। पुंछ में सीमापार बात करने वाले एक व्यक्ति के घर भी एनआईए ने धावा बोला। इस व्यक्ति से पूछताछ कर उसका मोबाइल जब्त कर लिया गया। बताया गया है कि पुलवामा जिले में की जा रही कार्रवाई ओजीडब्ल्यू (ओवर-ग्राउंड वर्कर्स) और कैडरों की गतिविधियों की एनआईए जांच का हिस्सा हैं।

# झारखंड में चीन के धागे से पतंग उड़ाने पर प्रतिबंध, उल्लंघन करने पर पांच साल की कैद

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड में पतंग के लिए चीन से लाए जा रहे तेज धारदार सिंथेटिक धागे जान ले रहे हैं। कई लोग जिसमें बच्चे भी शामिल है इसकी जद में आ रहे हैं। पशु पक्षियों को भी नुकसान पहुंच रहा है। राज्य में धारदार सिंथेटिक, नायलान धागा और चीनी मांझा पर प्रतिबंध है। इसके उत्पादन, भंडारण, बिक्री, आपूर्ति और आयात पर भी पूरी तरह रोक लगा दी गयी गयी है।

**प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने लगाया प्रतिबंध**

झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इन धागों के प्रतिबंध की अधिसूचना जारी कर दी है। सदस्य सचिव के अनुसार नायलॉन, प्लास्टिक और अन्य किसी सिंथेटिक सामग्री से निर्मित पतंग उड़ाने वाला धागा बहुत खतरनाक है। इसमें चीनी मांझा भी शामिल है। तेज धारदार धागे, शीशे के घटक या अन्य किसी भी धातु का लेप धागा बनाने के लिए किया जाता है, ऐसे धागों की झारखंड में बिक्री, उत्पादन, भंडारण, आपूर्ति, आयात और प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध है। नियमों का उल्लंघन करने पर पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 की धारा पांच के तहत, पांच साल तक कारावास और एक लाख तक जुमार्ने का प्राविधान है। विशेष परिस्थिति में जुमार्ना और कारावास दोनों एक साथ हो सकता है।



### चीन के धागे से बढ़ रहे थे हादसे

झारखंड में इन धागों की वजह से कई दुर्घटनाएं हुई हैं। पर्यावरण संरक्षण को लेकर किए जा रहे उपायों को देखते हुए यह निर्णय लिया गया। चीनी मांझा प्रतिबंधित किया गया है। इस धागे की खूब डिमांड होती है, इस धागे की डिमांड इसलिए खूब थी क्योंकि इससे पतंगबाजी में हराना आसान होता था। झारखंड के कई इलाकों में इसकी खूब डिमांड थी। यहां मकर संक्रांति के आसपास झारखंड में करोड़ रुपया का कारोबार इस धागे की वजह से होता था। सूती धागे की मांग सिर्फ दस प्रतिशत के आसपास थी जबकि चीनी मांझा की बिक्री

# जून से शुरू होगा नामकुम पावर ग्रिड से फुल लोड बिजली ट्रांसमिशन, मिलेगी राहत

## बढ़ती गर्मी के साथ बिजली की आंख मिचौली से लोग परेशान

**PHOTON NEWS RANCHI :** राजधानी में बिजली संकट से निपटने के लिये नामकुम पावर ग्रिड में 500 एमवीए का पावर ट्रांसफॉर्मर लगाया जा रहा है। एक दो दिन में काम पूरा होने पर इसे शुरू किया जायेगा। जिससे राजधानी को फुल लोड बिजली मिलेगी। हालांकि ट्रांसफॉर्मर शुरू होने में जून तक का समय लेगा।

आलम यह है कि बढ़ती गर्मी के साथ जारी बिजली कटौती से लोग परेशान है। राजधानी समेत आस पास के ग्रामीण इलाकों में बिजली की लोड शेडिंग से लोगों की परेशानी बढ़ी हुई। जहां गर्मी में लोगों को पानी के लिये तरसना पड़ रहा है। वहीं, बिजली की कमी से रोजमर्रा के कामों में भी असर देखा जा रहा है। बिजली लोड शेडिंग का आलम ये है कि कुछ इलाकों में एक एक घंटे के अंतराल में बिजली दी जा रही है। वहीं, कुछ इलाकों में एक बार में ही चार पांच घंटे बिजली काटी जा रही है। बिजली की इस आंख मिचौनी से रात में लोगों को अधिक परेशानी होती है। कुछ इलाकों में सुबह या शाम के वक्त कटौती की जा रही है। गर्मी शुरू होने के पहले से ही राज्य में बिजली कटौती को लेकर उर्जा सचिव ने निर्देश जारी किया था। जिसमें कहा गया था कि अनावश्यक बिजली की कटौती किसी भी क्षेत्र में न की जायें। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बराबर बिजली आपूर्ति की जायें।



### ग्रामीण इलाकों में दस घंटे तक लोड शेडिंग

राजधानी से सटे ग्रामीण इलाकों में उपभोक्ताओं को अधिक परेशानी हो रही है। इन इलाकों में नौ से दस घंटे तक बिजली कटौती की जा रही है। जहां एक बार में तीन से चार घंटे तक बिजली कटौती की जा रही है। जिससे लोगों को काफी मुश्किल हो रही है। बिजली कटौती से परेशान इलाकों की बात करें तो तुपूदाना, हटिया, धुर्वा, अरगोड़ा, रातु रोड, हरमू, किशोरगंज, पिस्का मोड़, पंडरा, कांके, बरियातु, मोरहाबादी, कोकर, कांटा टोली, लोआडीह समेत अन्य इलाकों में बिजली कटौती से लोग परेशान है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-7 में ग्लोबल साउथ से जुड़े मुद्दों पर दिया जोर

# विकासशील और गरीब देशों की आशाओं और अपेक्षाओं को पूरा करने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए : MODI

**AGENCY NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिरोशिमा (जापान) में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन में दुनिया विशेषकर विकासशील देशों के सामने मौजूद खाद्य सुरक्षा, उर्वरक उपलब्धता और महामारी की चुनौतियों का उल्लेख करते हुए अंतरराष्ट्रीय बिरादरी का आह्वान किया कि वह इनके समाधान को प्राथमिकता दें। अमेरिका के नेतृत्व वाले विकसित देशों के संगठन जी-7 के शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व के सामने मौजूद संकटों पर केंद्रित छठे सत्र को संबोधित किया। उन्होंने ग्लोबल साउथ (विकासशील और गरीब देशों) के सामने मौजूद समस्याओं का मुख्य रूप से उल्लेख किया तथा कहा कि इन देशों की आशाओं और अपेक्षाओं को पूरा करने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। प्रधानमंत्री ने विश्व समस्याओं का सामना करने में अमीर देशों की परोक्ष रूप से आलोचना की। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के दौरान वैक्सीन और दवाओं की उपलब्धता को मानव भलाई के स्थान पर राजनीति से जोड़ा गया। इस महामारी के दौरान अंतरराष्ट्रीय सहयोग और सहायता प्रभावित हुई। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुरक्षा का भावी स्वरूप क्या हो इस बारे में आत्मचिंतन बहुत जरूरी है। खाद्य सुरक्षा को लेकर प्रधानमंत्री ने जी-7 सम्मेलन में शामिल लोगों को कुछ सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि विश्व में एक समावेशी खाद्य प्रणाली का निर्माण होना चाहिए, जिसमें सबसे उपेक्षित तबकों और सीमांत किसानों के हितों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। मोदी ने खाद्य सुरक्षा के साथ ही उर्वरक उपलब्धता की ओर भी सदस्य देशों का ध्यान आकर्षित कराया। किसी देश का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि उर्वरक संसाधनों पर कब्जा करने वाली विस्तारवादी मानसिकता पर रोक लगानी होगी। विश्व उर्वरक आपूर्ति प्रणाली को मजूबत करना होगा तथा इसमें आ रही रुकावटों को दूर करना होगा। उल्लेखनीय है कि यूक्रेन युद्ध के कारण दुनिया में खाद्यान और उर्वरक आपूर्ति प्रणाली बाधित हुई है, जिसका सबसे विपरीत असर अफ्रीका और गरीब देशों पर पड़ रहा है। भारत जैसे विकासशील देशों की विकास यात्रा में आ रही बाधाओं की ओर संकेत करते हुए उन्होंने कहा कि विकास के ऐसे मॉडल की जरूरत है जो विकासशील देशों की प्रगति में बाधक नहीं बने। अंधाधुंध उपभोग पर आधारित विकास मॉडल को बदलकर उसके स्थान पर प्राकृतिक संसाधनों के समुचित उपयोग पर ध्यान केंद्रित करना होगा।



जी-7 शिखर सम्मेलन की बैठक में शामिल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अन्य

# अगले हफ्ते आ सकता है झारखंड बोर्ड का रिजल्ट

## पहले 10वीं और 12वीं साइंस और का आएगा परिणाम

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड एकेडमिक काउंसिल अगले हफ्ते बोर्ड परीक्षाओं का रिजल्ट जारी कर देगा। बोर्ड की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। पहले 12वीं साइंस और फिर 10वीं का रिजल्ट निकाला जाएगा। इसके दो दिन बाद 12वीं कॉमर्स और आटर्स का रिजल्ट जारी कर दिया जाएगा। मैट्रिक का रिजल्ट जारी होने के साथ ही राज्य के सरकारी और निजी स्कूल-कॉलेजों में 11वीं में एडमिशन का सिलसिला शुरू हो जाएगा। वहीं इंटर पास किए स्टूडेंट्स ग्रेजुएशन में एडमिशन लेने की तैयारियों में लग जाएंगे। 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र अपने रिजल्ट बोर्ड की ऑफिशियल वेबसाइट पर देख सकते हैं। रिजल्ट को ऑनलाइन देखने के लिए छात्रों को सिर्फ अपने रोल नंबर की ही जरूरत होगी।

### इंटर की पांच लाख सीटों में एडमिशन का मौका

मैट्रिक का रिजल्ट जारी होने के साथ ही इंटर में एडमिशन की दौड़ शुरू हो जाएगी। राज्य में इंटर की 4,94,144 से अधिक सीटें हैं, जहां स्टूडेंट्स एडमिशन लेंगे। राज्य में इंटर की पढ़ाई चार तरह के संस्थानों में होती है। यहां प्लस टू स्कूल, इंटर कॉलेज, सरकारी अंगीभूत कॉलेज और विभिन्न संबद्धता प्राप्त कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई करायी जाती है। अब तक राज्य में 50 फीसदी सीटों में ही एडमिशन होता था। आधी सीटें खाली रह जाती थी। बीते साल से रिजल्ट में हो रही बढ़ोत्तरी के बाद से एडमिशन बढ़ने की भी उम्मीद है।

# राज्य के वर्तमान की तस्वीर, भविष्य के लिए खतरनाक संकेत : सुदेश महतो




मिलन समारोह में उपस्थित सुदेश महतो व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI**

झारखंड के पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि झारखंड के वर्तमान की जो तस्वीर है, वह भविष्य के लिए खतरनाक संकेत है। राज्य में चौतरफा अराजकता का माहौल है। जनादेश छला गया है। अब चुप बैठने का समय नहीं है।

महतो शनिवार को रांची स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने बिजली की चरमराई हालत पर कहा कि लचर सिस्टम और कमजोर नेतृत्व के कारण राज्य में यह स्थिति उत्पन्न हुई है। सरकार की अस्पष्ट कार्य योजना और तैयारियों के अभाव के कारण आम जनमानस को कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। पढ़ाई-लिखाई, खेती-सिंचाई, व्यापार, इलाज सभी पर इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

महतो ने कहा कि सरकारी सिस्टम के तौर-तरीके तथा सरकार की नीतियों को गौर करें तो यह साफ-साफ दिखता है कि साढ़े तीन सालों में इन्होंने बिजली व्यवस्था सुधारने तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को लेकर कुछ भी नहीं किया। सभी सेक्टर में इनकी स्थिति लगभग यही है। सच तो ये है कि सरकार ने विकास के किसी भी मानक में कोई उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज नहीं की।

टाटा वर्कर्स यूनियन, नोवामुंडी डिवीजन के महासचिव जी.टी. रेड्डी के नेतृत्व में अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष सुधीर करवा, पूर्व उम्मीदवार जिला परिषद सदस्य विनीता लोमगा, पूर्णिमा सामंता, सुमन तांती, अंजू गगड़ाई, आसमां खातून, नसीमा खातून, रानी खंडाईते, चंद्र मोहन केराई, हरिचरण केराई, विपीन तिरिया, सनातन मुडुईया, मंगल सिंह वोवोंगा, जुरिया वोवोंगा, एतवारी सांडील, रायमानी लागुरी, सुनीता लागुरी, मेजो पिगुवा, तुलसी लागुरी, रायबारी सांडिल और गिरिजा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के निदेशक सह युवा नेता स्नेह नमन के नेतृत्व में चंदन कुमार, राहुल, रितेश, विवेक, सुरेंद्र, ऋतिक, शशि, दिनेश कुमार, प्रभाकर पाण्डेय, त्रिपुरारी कुमार, अरविंद कुमार सिन्हा, मुकेश महतो, ओम वर्मा, साकेत कुमार, मृत्युंजय कुमार, नीलो देवी, अमित कुमार, ब्रजलाल महतो सहित अन्य लोगों ने आजूस की सदस्यता ग्रहण की।

## फाइटर्स नेता ललित महतो ने पर्यटन विभाग के जीएम से की मुलाकात



जीएम से मुलाकात करते ललित महतो। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI**

पांचपरगना फाइटर्स नेता ललित महतो ने आज झारखण्ड पर्यटन विभाग के कार्यालय में जीएम आलोक प्रसाद से मुलाकात कर पांचपरगना क्षेत्र में स्थित पर्यटन स्थल दशम फॉल, रिमिक्स फॉल, दिवड़ी मंदिर, सुर्य मंदिर, हाराडीह मंदिर, जोन्हा फॉल जैसे तमाम स्थलों को विकसित कराने तथा स्थानीय लोगों को रोजगार मुहैया कराने संबंधित विषयों पर चर्चा किया।

झारखंड उलगुलान मोर्चा के अध्यक्ष रवि पीटर ने कहा झारखण्ड जंगल, पहाड़, नदी-नाला से धनी क्षेत्र है। सरकार को इसका फायदा उठाना चाहिए। अन्य राज्यों की तरह यहां भी विभिन्न पर्यटन स्थल पर रोपवे और शिशे का ब्रिज बनाने चाहिए। सरकार अच्छा खासा रेव्यन्यू कलेक्ट कर सकती है। इससे यहां के स्थानिय लोगों को अधिक से अधिक रोजगार भी मिलेगा। ज्यादा से ज्यादा पर्यटक आयेंगे तो हमारी भाषा संस्कृति से भी लोगों को रुबरू कराने का अवसर प्राप्त होगा। जिससे हमारी संसकृति और रीति रिवाज को देश-विदेश तक प्रचार प्रसार किया जा सकता है। आज बाहरी ताकतों के द्वारा हमारे भाषा-संस्कृति के साथ जो अतिक्रमण किया जा रहा है उस पर भी रोकथाम होगा।

नेशनल पीपुल्स पार्टी के प्रदेश महासचिव अमर महतो ने कहा कि पर्यटन विभाग मेघालय, उत्तराखंड, जम्मू कश्मीर जैसे राज्यों से प्रेरणा लेकर ग्रामीण युवाओं को रोजगार के विभिन्न स्त्रोतों से जोड़ना चाहिए ताकि पलायन-बेरोजगारी में कमी आए।

## मंत्री अर्जुन मुंडा ने तीन दिवसीय राष्ट्रीय आदिवासी महोत्सव का किया उद्घाटन



कार्यक्रम में उपस्थित अर्जुन मुंडा।। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS KIRIOBURU**

पश्चिमी सिंहभूम से सटे क्योंझर (ओडिशा) जिला के बड़बिल उत्सव मैदान में सर्व भारतीय आदिवासी कम्यूनिटी के तत्वावधान में तीन दिवसीय राष्ट्रीय आदिवासी महोत्सव शनिवार से शुरू हुआ। राष्ट्रीय आदिवासी महोत्सव का उद्घाटन केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, राज्य मंत्री विशेश्वर टुडू, विधायक मोहन माझी, पदम्श्री तुलसी मुंडा आदी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान महापुरुषों की तस्वीर पर माल्यार्पण भी किया गया।

केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि जनजाति समाज के सर्वांगिण विकास के लिये निरंतर कार्य हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्तमान सरकार जनजाति समाज के सर्वांगिण विकास के लिये निरंतर कार्य कर रही है। जनजाति समाज के लोगों को हर क्षेत्र में अवसर मिले, यह सुनिश्चित किया जा रहा है। आदिवासी बच्चों के लिये उनका मंत्रालय देश भर में 740 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय खोलने जा रही है। उन्होंने सफल आयोजन के लिये आयोजन समिति को बधाई दी।

कार्यक्रम में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आदिवासी समुदाय के लोग पहुंचे हैं। तीन दिवसीय राष्ट्रीय आदिवासी महोत्सव में मुख्य रुप से आदिवासियों की कला, संस्कृति, परंपरा, भाषा, साहित्य, शिक्षा, स्वास्थ्य के विषय में चर्चा की गयी। साथ ही देश भर के आदिवासियों को एकजुट होकर समाज हित में कार्य करने की अपील की गयी। आदिवासियों के सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक व शैक्षणिक प्रगति पर भी जोर दिया गया।

इस दौरान अलग-अलग 20 स्टॉल लगा कर विभिन्न राज्यों से संबंधित प्रदर्शनी लगायी गयी है। कार्यक्रम के दौरान वर्षा और आंधी के कारण कुछ समय तक कार्यक्रम प्रभावित रहा। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने भी कई लोगों को सम्मानित भी किया।

मौके पर मुख्य रुप से ओड़िशा स्वाभिमान के अध्यक्ष मुरली मनोहर शर्मा, झारखंड के पूर्व गृह सचिव जेबी तुबिद, पूर्व मंत्री बड़कुंवर गागराई, सर्व भारतीय आदिवासी कम्यूनिटी के अध्यक्ष पुरुषोत्तम गागराई, उपाध्यक्ष सुखराम पाहन, सचिव जगन्नाथ टुटी, रसानंद बेहरा, त्रिबिक्रम नायक, जगन्नाथ टूटी, हिमांशु सोलंकी, बबलू मुंडा, सोहन लाल हुराद, रमेश सोलंकी, सुखराम पाहन, रोहित मुंडा, दुबराज हेमब्रम, सौरव नाग, निर्मल नाग, अनंत टुडू, घसीनाथ ओराम, सजल नाग, डुमरुधर बारीक, रमेश नाग आदि उपस्थित थे।

## भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक संपन्न, महा-संपर्क अभियान पर बनी रणनीति




जिला कार्यसमिति की बैठक में अतिथि का स्वागत करते। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RAMGARH**

शनिवार को फोरलेन हाथमारा स्थित भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में कार्यसमिति की बैठक संपन्न हुई, जिसमे पर्यवेक्षक एवं मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड विधानसभा में विरोधी दल के मुख्य सचेतक सह बोकारो विधायक विरांची नारायण जी उपस्थित हुए। कार्यक्रम का मंच संचालन महामंत्री प्रो. खिरोधर साहू ने किया जिसमे विशिष्ट अतिथि के रूप से प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व सांसद रविंद्र राय, प्रदेश उपक्ष्यक्ष सह विधायक जेपी भाई पटेल, पूर्व सांसद सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य यदुनाथ पांडे, प्रदेश प्रवक्ता अविनेश सिंह, पूर्व बीससूत्री उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, रामगढ़ प्रभारी शशिभूषण भगत, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह भाजपा रामगढ़ के पूर्व प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू मंचस्थ हुए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में भाजपा के नौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर पूरे अखिल भारतीय स्तर पर महा-सम्पर्क अभियान का कार्यक्रम निर्धारित है जिसे जिले में सफल बनाने हेतु विशेष रूप से चर्चा की गई।

बैठक का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि विरंची नारायण सहित मंचास्थ नेताओं ने सर्वप्रथम महापुरुषों की तस्वीरों पर पुष्पांजलि एवं सामूहिक राष्ट्रीय गान किया तत्पश्चात संबोधित करते हुए कहा की आज झारखंड की परिस्थिति ऐसी है की लोकसभा चुनाव के साथ अगर विधानसभा चुनाव भी हो जाए तो कोई ताज्जुब नहीं होगा, क्योंकि जिस प्रकार खुद सरकार के मुखिया सहित सत्तापक्ष के नेता ईडी के घेरे में आ रहें है। सरकार में लूट में हिस्सा बने बड़े बड़े अधिकारियों की एक एक कर गिरफ्तारी हो रही है इसे देख कर लगता है की लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होना तय है, इसलिए कार्यकर्ता दोनों चुनाव की मिल कर तैयारी करें।

उन्होंने आगे उपस्थित पदाधिकारियों से देश की वर्तमान जरूरत को देखते हुए पूरे एक महीने तक चलने वाले राष्ट्रव्यापी अभियान में पदाधिकारियों। को पूरे दिल से लगने का आवाह्न किया।

उन्होंने 24 मई से शुरू होकर आगामी को 25 जून तक चलने वाले देशव्यापी महा-संपर्क अभियान का बिंदूवार उल्लेख करते हुए बताया की सभी मंडलों में 24 मई तक इसके निमित बैठक संपन्न कर लेना है। 29 मई को सभी प्रदेशों की राजधानी ने मुख्यमंत्री/उपमुख्यमंत्री अथवा जहां सरकार न हों वहां केंद्रीय मंत्रियों द्वारा पत्रकारों के साथ वार्ता करना तय हुआ है। 30 और 31 मई को प्रधानमंत्री जी के कार्यकाल के नौ वर्ष पूरे होने पर जनता को संबोधित करेंगे जिसमे वो वीडियो कांफ्रेंसिंग के मध्यम से बताएंगे की कैसे देश में सबका साथ सबका विकास के नारों के साथ उन्होंने पूरे देश में सर्वांगीण विकास का कार्य शुरू किया।

## केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने द्वारकाधीश के समक्ष झुकाया शीश, की विशेष पूजा

**AGENCY AHMADABAD**

केन्द्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को द्वारका में भगवान द्वारकाधीश के समक्ष शीश झुकाया और गर्भगृह में ठाकोरजी की चरण पादुका की विशेष पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने स्थानीय लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। इससे पूर्व उन्होंने शारदा पीठ के शंकराचार्य सहजानंद सरस्वती से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को अपने गृह राज्य गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर हैं। जामनगर हवाईअड्डे पर स्थानीय नेताओं समेत गणमान्य लोगों ने उनका स्वागत किया। वे कई परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा देवभूमि द्वारका में उन्होंने दर्शन किए। अहमदाबाद और गांधीनगर के विभिन्न कार्यक्रमों में भी वे हिस्सा लेंगे। शाह शनिवार को देवभूमि द्वारका जिले के ओखा में नेशनल एके-डमी ऑफ कोस्टल पुलिसिंग (एनएसीपी) के स्थायी परिसर की आधारशिला रखेंगे।

अमित शाह पांच तटीय चौकियों का भी ई-उद्घाटन करेंगे, जो कच्छ जिले में मेडी और जखाऊ के बीच 164 करोड़ रुपये की लागत से बनाई जा रही 18 ऐसी चौकियों में शामिल हैं। गांधीनगर में केंद्रीय मंत्री 20 और 21 को चार कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे।

अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को शाह एक कार्यक्रम में शामिल होंगे, जहां वे बोरिज गांव के एक प्राथमिक स्कूल के बच्चों को खेल सामग्री वितरित करेंगे। वह गांधीनगर नगर निगम की विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे और गांधीनगर (उत्तर) विधानसभा सीट में आयोजित क्रिकेट मैच में शामिल होंगे।

रविवार को अमित शाह राज्य सड़क परिवहन निगम की 320 बसों की शुरूआत करवाएंगे और गांधीनगर में अमूल्फेड डेयरी की आधुनिक जैविक परीक्षण प्रयोगशाला का उद्घाटन करेंगे।

### रौनियार भवन के सभागार में आयोजित भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक में नेता गणेश मिश्र ने कहा-

# भाजपा सत्ता के लिये नहीं, विकास के लिए करती है कार्य




बैठक में बोलते गणेश मिश्र व उपस्थित अन्य। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS GUMLA**

कठिन त्याग और तपस्या के बल पर आज भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। 2024 में भाजपा को कोई नहीं हरा सकता। ये बात सही भी है लेकिन हमें एक भाजपा कार्यकर्ता के नाते इस देश के हर नागरिकों का दिल जीतना है । यह बात भाजपा के वरिष्ठ नेता गणेश मिश्र ने शनिवार को रौनियार भवन के सभागार में आयोजित भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक में कही। उन्होंने कहा कि पार्टी सिर्फ सत्ता के लिये नहीं विकास के लिए कार्य करती है। देश की गरीब जनता का उद्धार ही मोदी सरकार का संकल्प है। 2004 से 2014 तक देश में सांप्रदायिक दंगे और आतंकवादी हमले हुआ करते थे।

कार्यक्रम को सांसद सुदर्शन भगत ने भी संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में विपक्षी पार्टियां ही नहीं, अपितु विदेशों में बैठे चंद लोग भी केंद्र की लोकप्रिय मोदी सरकार को हटाने के लिए अपना कुचक्र रच रहें हैं। मगर हमारे कार्यकर्ता हरेक चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हैं। संगठन को धारदार बनाते हुए अपनी पहुंच पार्टी समर्थकों व आम नागरिकों तक बनाने की आवश्यकता है। जिला अध्यक्ष अनुपचंद्र अधिकारी ने कहा कि आगामी 30 मई से 30 जून तक चलने वाले महा जनसंपर्क अभियान के सफल आयोजन हेतु जिला कार्यसमिति की यह बैठक हो रही है।

बैठक में महाजनसंपर्क अभियान को सफल बनाने के लिए हरेक मंडल में 22 से 24 तारीख तक मंडल प्रभारी के देख-रेख में मंडल कार्यसमिति की बैठक होगी। एक महीने तक चलने वाले इस कार्यक्रम में कार्यकताओं द्वारा प्रभावशाली व्यक्तियों, खिलाड़ियों, शहीद के परिजनों आदि वरिष्ठ जनों से संपर्क कर 2024 के लिए समर्थन की अपील की जाएगी । लोकसभा स्तरीय विकास तीर्थ यात्रा आयोजित होगी। सोशल मीडिया इनपुट, लाभार्थी सम्मेलन, वरिष्ठ कार्यकताओं के साथ भोजन व परिचर्चा, लोकसभा स्तरीय विशाल जनसभा लोकसभा स्तरीय होगा, जिसमें राष्ट्रीय पदाधिकारी मंत्री गण आदि शामिल होंगे।

## BRIEF NEWS

### सिमडेगा के विभिन्न दलों के छह नेताओं ने थामा झामुमो का दामन

**RANCHI :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के रांची के हरमू स्थित पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय (कैम्प) में शनिवार को सिमडेगा जिला के कई नेताओं ने झामुमो का दामन थामा। पार्टी के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार पाण्डेय के समक्ष छह नेता पार्टी के नीति सिद्धांतों पर आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी में शामिल हुए। साथ ही पार्टी के अध्यक्ष दिशोम गुरू शिबू सोरेन एवं कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व पर विश्वास व्यक्त की। पार्टी में शामिल होने वाले नेताओं में झारखण्ड पार्टी (एनोस गुट) के पूर्व पंचायत समिति सदस्य सुनील सुरीन,कांग्रेस जिला महासचिव रैमन बा, कांग्रेस जिला सचिव तारामणि सोरेंग, पूर्व जिला परिषद सदस्य रोशनी कुल्लू, प्रखंड जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति डांग और वरिष्ठ कांग्रेस पार्टी सदस्य बाबू लाल बड़ाईक शामिल है।सभी नेता अपने समर्थकों के साथ पार्टी के सिमडेगा जिला अध्यक्ष अनील कन्डूलना एवं जिला सचिव सफिकउल इस्लाम खान के नेतृत्व में पार्टी में शामिल होने के लिए पहुंचे।

### कांग्रेस ने कर्नाटक में दलितों और मुसलमानों की उपेक्षा की: मायावती

**LUCKNOW :** कर्नाटक में शनिवार को नई सरकार के गठन के बाद बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कांग्रेस पर हमला बोला है। बसपा प्रमुख मायावती ने शनिवार को अपने अधिकारिक ट्विटर हैंडल से दो ट्वीट किए हैं। पहले ट्वीट में उन्होंने लिखा, कर्नाटक विधानसभा चुनाव उपरान्त मंत्रिमण्डल में डीके शिवकुमार को उपमुख्यमंत्री बनाकर कांग्रेस ने अपनी अन्दरूनी कलह को थोड़ा दबाने का प्रयास किया है। किन्तु दलित व मुस्लिम समाज की उपेक्षा क्यों, जबकि इन दोनों वर्गों ने एकजुट होकर कांग्रेस को वोट देकर विजयी बनाया है। उन्होंने आगे कहा, ₹कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद के लिए दलित समाज की उठी दावेदारी की पूरी तरह से कांग्रेस ने अनदेखी की है। अब किसी भी दलित व मुस्लिम को उपमुख्यमंत्री नहीं बनाना यह इनकी जातिवादी मानसिकता को दशार्ता है। इनको यह वर्ग केवल अपने खराब दिनों में ही याद आते हैं। ऐसे लोगों लोग सतर्क रहें।₹

### प्रधानमंत्री मोदी ने सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार को दी बधाई

**NEW DELHI :** जापान की यात्रा पर गए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को सिद्धारमैया को कर्नाटक के मुख्यमंत्री और डीके शिवकुमार को उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट कर कहा, ह्लसिद्धारमैया को कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने और डीके शिवकुमार को उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई। अपने ट्वीट में उन्होंने कहा कि फलदायी कार्यकाल के लिए उन्हें मेरी शुभकामनाएं।

### राहुल गांधी ने कहा, कर्नाटक की जनता से किए पांच वादों को हम पूरा करेंगे

**NEW DELHI :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि हमने कर्नाटक की जनता से जो पांच वादे किए थे, उसे पूरा करके दिखाएंगे। सूबे की जनता को धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा कि हम जो कहते हैं, वह कर के दिखाते हैं। राहुल गांधी ने शनिवार को कर्नाटक में सिद्धारमैया के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान कहा कि कांग्रेस पार्टी ने कर्नाटक की जनता से जो पांच वादे किए हैं, उसे पूरा किया जाएगा। अगले एक दो घंटे में कर्नाटक की नई सरकार की पहली कैबिनेट की बैठक होनी है। बैठक में हमारे जो पांच वादे हैं, वे कानून बन जाएंगे। राहुल ने कहा कि हम जो कहते हैं, उसे पूरा करते हैं। कर्नाटक की जनता ने कांग्रेस पर भरोसा जताया है। इसके लिए राज्य की जनता बधाई की पात्र है। आज नफरत के बाजार में कर्नाटक ने लाखों मोहब्बत की दुकानें खोली है। इसके लिए कर्नाटक की जनता बधाई की पात्र है। हम झूठे वादे नहीं करते हैं। कर्नाटक की नई कांग्रेस सरकार पहली कैबिनेट में 05 वादे पूरे करेगी। अपने संबोधन में राहुल ने कहा कि इस जीत का सिर्फ एक कारण है कि कांग्रेस पार्टी कर्नाटक के गरीबों, कमजोरों, पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों के साथ खड़ी हुई। हमारे पास सच्चाई थी और गरीब लोग थे। भाजपा के पास धन, ताकत और बहुत कुछ था। उनकी सारी ताकत को कर्नाटक की जनता ने हरा दिया। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक चुनाव से पहले कांग्रेस ने राज्य की जनता से 200 यूनिट बिजली फ्री देने, गरीब परिवार की मुखिया महिला को 02 हजार रुपये महीन, महिलाओं के लिए यातायात मुफ्त, बेरोजगारों को दो साल तक भत्ता झ्र ग्रेजुएट को तीन हजार, डिप्लोमा को डेढ़ हजार और बीपीएल परिवारों को दस किलो चावल मुफ्त देने का वादा किया था। इसके लिए कर्नाटक सरकार आज अपनी पहली कैबिनेट बैठक में कानून बनाने का दावा कर रही है।

### जी-20 सम्मेलन कश्मीर के सदियों पुराने आतिथ्य को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रदर्शित करेगा: उपराज्यपाल

**SRINAGAR :** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को कहा कि श्रीनगर में जी-20 सम्मेलन कश्मीर के सदियों पुराने आतिथ्य को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रदर्शित करेगा और इस आयोजन से पर्यटन और केंद्रशासित प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। राजबाग में झेलम रिवरफ्रंट का उद्घाटन करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उपराज्यपाल ने कहा कि छह किलोमीटर रिवरफ्रंट पूरा हो गया है । उपराज्यपाल ने कहा कि श्रीनगर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकसित किया जा रहा है। फ्री वाई-फाई जोन, साइकिल ट्रैक, वॉक-वे और कैफे जल्द ही आएंगे, क्योंकि शहर में जल्द ही एक लाइब्रेरी भी खोली जाएगी। उन्होंने कहा कि जल निकायों से घिरा श्रीनगर शहर जल्द ही हर तरह से एक स्मार्ट सिटी होगा। जी-20 कार्यक्रम के बारे में उन्होंने कहा कि लोगों और जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने 22 मई से शुरू होने वाले आगामी कार्यक्रम के लिए सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे दिया है। यह आयोजन कश्मीर की सुंदरता और आतिथ्य के बारे में दुनिया भर में एक संदेश भेजेगा, जिसके परिणामस्वरूप अधिक पर्यटक आएंगे। हमें उम्मीद है कि जी-20 का सफल आयोजन जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में मदद करेगा। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने देश में पहली बार आयोजित होने वाले इस भव्य कार्यक्रम के लिए जम्मू-कश्मीर को एक स्थान के रूप में चुनने के लिए प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया।

### महाराष्ट्र में सामाजिक एकजुटता को खराब करने का प्रयास न करें: राज ठाकरे

**MUMBAI :** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने कहा कि सूबे में अनायास सामाजिक एकजुटता को खराब करने का प्रयास किसी को भी नहीं करना चाहिए। त्र्यंबकेश्वर मंदिर में जबरन घुसने के नाम पर तिल का ताड़ बनाए जाने का प्रयास किया गया। राजनीतिक दल क्या राज्य में दंगा करवाना चाहते हैं? इन दंगों से किसी का भला नहीं होने वाला है, यह सभी को ध्यान में रखना जरुरी है। मनसे प्रमुख राज ठाकरे शनिवार को नासिक में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि हिंदू धर्म इतना कमजोर नहीं है, जो मंदिर में किसी के घुसने से खत्म हो जाएगा। महाराष्ट्र में कई मस्जिदें और मंदिर हैं, वहां हिंदू और मुसलमान एक साथ नजर आते हैं। माहिम की दरगाह में माहिम पुलिस स्टेशन की ओर से चादर चढ़ाई जाती है। मेरे पास और उदाहरण हैं। यह परंपरा जारी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दरगाह पर कोई आ जाए तो धर्म भ्रष्ट कैसे हो जाता है? क्या धर्म इतना कमजोर है? मंदिर में कई मुसलमान आते हैं। हमारे अपने मंदिर में आज भी कुछ जातियों के लोगों को मंदिर परिसर के अंदर जाने की अनुमति नहीं है। ठाकरे ने कहा कि यह त्र्यंबकेश्वर के ग्रामीणों को फैसला करना चाहिए। उन्होंने यह भी सलाह दी कि बाहरी लोग इसमें न पड़ें। उल्लेखनीय है कि त्र्यंबकेश्वर में एक उर्स के दौरान कुछ लोगों नें मंदिर के बाहर खड़े होकर धूप दिखाने का प्रयास किया था। हिंदू महासभा ने इस घटना का जोरदार विरोध किया था, जिससे इस घटना की एसआईटी जांच की घोषणा उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने की है।

BRIEF NEWS

### देर रात 11 इंस्पेक्टर का तबादला, ममता कुमारी बनी लालपुर थाना प्रभारी

**RANCHI :** रांची के एसएसपी किशोर कौशल ने 11 इंस्पेक्टर का तबादला किया है। ममता कुमारी को लालपुर थाना प्रभारी बनाया गया है। जबकि वेंकटेश कुमार को चुटिया थाना प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा आलोक कुमार को लालपुर यातायात थाना प्रभारी, विनोद कुमार को सुखदेव नगर थाना प्रभारी, अरविंद कुमार सिंह को जगन्नाथपुर थाना प्रभारी, संजय कुमार को अरगोड़ा थाना प्रभारी, दयानंद कुमार को लोअर बाजार थाना प्रभारी, इम्तियाज अहसन को कोतवाली यातायात थाना प्रभारी, जॉन मुर्मू का जगन्नाथपुर यातायात थाना प्रभारी, मधुसूदन मोदक को डेली मार्केट थाना प्रभारी और लक्ष्मीकांत को डोरंडा थाना प्रभारी बनाया गया है। इस संबंध में शुक्रवार देर रात एसएसपी कार्यालय से अधिसूचना जारी कर दी गयी है। सभी को अविलंब योगदान देने को कहा गया है।

### जन अभियान योजना से प्रखंड स्तर पर प्रशिक्षण प्रारंभ

**RANCHI :** जन अभियान योजना के अंतर्गत प्रखंड स्तर पर पंचायती राज पर प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है। नौ थीम गरीबी मुक्त, उन्नत आजीविका गांव, महिला और बाल हितैसी गांव, गांव में आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा, सुशासन वाला गांव सुरिक्षत गांव, इत्यादि पर कार्यशाला की जायेगी। पंचायती राज विभाग ने इस संबंध में सभी जिला के उपविकास आयुक्तों को पत्र लिखा है और प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण के लिए दिशा-निर्देश भी दिए है। राज्य के जिन जिलों में ट्रेनिंग दिया जाना है उसकी सूची भी भेजी गयी है। प्रति प्रखंड प्रशिक्षण के लिए 33,100 रुपये दिए जायेंगे। पंचायत सचिव, मुखिया, सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, चिकित्सकों, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सहित प्रखंड स्तर में मनरेगा व पीएम आवास इत्यादि से जुड़े सारे कर्मियों व अधिकारियों को ट्रेनिंग दी जायेगी। बता दें कि, राज्य स्तरीय प्रशिक्षण 16-17 मई को नामकुम में पहले ही हो चुका है। इस ट्रेनिंग कार्यक्रम में पंचायती राज निदेशक ने भाग लिया था और नौ थीम पर काम करने की सलाह अधिकारियों को दी थी।

### झारखंड में झुलसा रही है गर्मी, तापमान 40 के पार

**RANCHI :** झारखंड की धरती तप रही है। आधा दर्जन जिलों में तापमान 40 के पार पहुंच चुका है। फिलहाल राहत के भी आसार नहीं हैं। लगातार बढ़ती गर्मी से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त दिख रहा है। तेज धूप और उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने शनिवार को पूर्वानुमान में बताया कि राजधानी रांची का अधिकतम तापमान 23 मई तक 41 डिग्री या इससे अधिक हो सकता है। 23 मई तक कहीं-कहीं गर्जन के साथ बारिश हो सकती है। वज्रपात भी हो सकता है। इस दौरान हवा की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे रहने की संभावना है। 22 को पलामू के साथ-साथ हजारीबाग, कोरडमा और गिरिडीह और 23 मई को इन इलाकों के साथ कोल्हान में भी लू चल सकती है। दोपहर के बाद कहीं-कहीं तेज हवा चल सकती है।

### फुटपाथ विक्रेताओं को लोन दिलाने में मदद करेगा रांची नगर निगम

**RANCHI :** रांची नगर निगम फुटपाथ विक्रेताओं को भारत सरकार की पीएम स्वनिधि योजना के तहत ऋण दिलवाने में मदद करेगा। इसके लिए निगम द्वारा 6 नगर अभियान प्रबंधकों की टीम बनाई गई है, जो बैंकों से बात करेगी। इसके लिए प्रबंधकों द्वारा हर हफ्ते मंगलवार और गुरुवार को कैंप लगाया जाएगा।

atomy ATOMY INDIA
RANCHI TEAM WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# राष्ट्रपति तीन दिवसीय दौरे पर 24 को आएंगी झारखंड, तैयारियां शुरू

## बाबा मंदिर में करेंगी पूजा-अर्चना, झारखंड हाईकोर्ट के नए भवन का करेंगी उद्घाटन

**PHOTON NEWS RANCHI :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन दिवसीय दौरे पर 24 मई को झारखंड आयेंगी। वे 24 से 26 मई तक झारखंड में रहेंगी। उनके कार्यक्रम की सूचना मिलने के बाद सरकार और प्रशासन ने तीन जिलों देवघर, खूंटी और रांची में तैयारियां शुरू कर दी है। ईस्टर्न एयर कमांड के सीनियर मेंटनेंस स्टाफ देवेंद्र श्रीवास्तव शनिवार को बाबा मंदिर पहुंचे। उन्होंने मंदिर में अहले सुबह पूजा करने के बाद मंदिर की भौगोलिक स्थिति व अलग-अलग जगहों को देखकर रिपोर्ट तैयार की।

मुर्मू 24 मई को एयरफोर्स के विमान से सुबह सात बजे नयी दिल्ली से रवाना होंगी और सुबह 8:55 बजे देवघर पहुंचेंगी। वहां 9:20 बजे बाबा बैद्यनाथ के मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद 10:20 बजे वह देवघर सर्किट हाउस पहुंचेंगी। पूजा के बाद राष्ट्रपति करीब 30 मिनट तक परिसदन में रुकेंगी। यहां पर जिला प्रशासन की ओर से उन्हें बाबा मंदिर का स्मृति चिह्न, प्रसाद आदि भेंट की जायेगी। इसके बाद करीब 11 बजे राष्ट्रपति का विमान रांची के लिए रवाना होगा। राष्ट्रपति का विमान दोपहर 12:00 बजे रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेगा। बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा और 12:30 बजे अलबर्ट एक्का चौक स्थित अलबर्ट एक्का की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगी। राष्ट्रपति दोपहर एक बजे राजभवन पहुंचेंगी। विश्राम करने के बाद राष्ट्रपति राजभवन में ही दोपहर 3:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक आदिम जनजाति समूह से मुलाकात करेंगी। शाम पांच बजे से छह बजे तक झारखंड हाई कोर्ट के नये भवन का उद्घाटन करेंगी। इसके बाद रात्रि विश्राम के लिए वे राजभवन लौटेंगी। रांची के धुर्वा के तिरिल मौजा में 24 मई को हाई कोर्ट भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में भारत के सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ सहित कई जस्टिस मौजूद रहेंगे। लगभग 600 करोड़ की लागत से बनकर तैयार झारखंड का नया हाई कोर्ट देश का सबसे बड़ा हाई कोर्ट कैंपस है। इसका क्षेत्रफल सुप्रीम कोर्ट के कैंपस से भी साढ़े तीन गुणा ज्यादा है। इसके लिए झारखंड सरकार की ओर से 165 एकड़ जमीन उपलब्ध कराई गई है। इसमें 72 एकड़ जमीन पर हाई कोर्ट बिल्डिंग सहित वकीलों के लिए आधारभूत संरचना तैयार की गयी है। शेष जमीन पर न्यायाधीशों और रजिस्ट्री के कर्मियों के लिए आवासों का निर्माण कराया जाना है।


राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की फाइल फोटो

### 5400 जवानों की तैनाती

राष्ट्रपति की सुरक्षा में 5400 जवानों की ड्यूटी लगाई गई हैं। रांची में 2500, देवघर में 2000 और खूंटी में 900 अतिरिक्त जवानों की तैनाती रहेगी। इसमें रैपिड एक्शन पुलिस भी शामिल रहेगे। इसके अलावे डीआईजी, एसपी, डीएसपी रैक के अधिकारी भी तैनात रहेगे। त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे के बीच राष्ट्रपति कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इसके अलावा राष्ट्रपति गुजरने वाले रास्ते में पड़ने वाले छतों पर भी पुलिसकर्मी तैनात होंगे।

**खूंटी में महिला सम्मेलन को करेंगी संबोधित**

25 मई की सुबह 10:30 बजे से 11:30 बजे तक खूंटी स्थित स्टेडियम में कल्याण विभाग की ओर से आयोजित महिलाओं के कार्यक्रम को संबोधित करेंगी। रांची राजभवन में रात्रि विश्राम के बाद 26 मई की सुबह नौ बजे से 10:00 बजे तक उनका विशिष्ट व्यक्तियों से मिलने का कार्यक्रम निर्धारित है। दिन के 11:30 बजे राष्ट्रपति बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से नयी दिल्ली चली जायेंगी।

### ट्रिपल आईटी के दीक्षांत समारोह में होंगी शामिल

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी) रांची के दूसरे दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। समारोह में बीटेक और एमटेक के 2019-23 के करीब 120 विद्यार्थी डिग्री हासिल करेंगे। समारोह में राष्ट्रपति के हाथ से विषयों के टॉपर्स को मेडल दिया जाएगा। समारोह में बीटेक के दो ब्रांच कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रिकल एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के टॉपर विद्यार्थियों के बीच एक-एक गोल्ड और एक-एक सिल्वर मेडल दिया जायेगा। एमटेक दो ब्रांच- कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विद स्पेशलाइजेशन इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ईसीसी विद स्पेशलाइजेशन इन एंबेडेड सिस्टर एंड आईओटी- के टॉपरों के बीच एक-एक गोल्ड मेडल बंटेगा। इसके अलावा एक बेस्ट गर्ल स्टूडेंट मेडल, एक इंस्टीट्यूट मेडल और एक बेस्ट स्टूडेंट शील्ड प्रदान किया जाएगा। इसी दिन शाम चार से पांच बजे तक नामकुम स्थित जेयूटी परिसर में ट्रिपल आईटी के दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगी। इस समारोह में राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी मौजूद रहेंगे।

### देवघर में दो किलोमीटर परिधि रेड जोन घोषित

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के तीन दिवसीय (24-26मई) झारखंड दौरे को लेकर सुरक्षा व्यवस्था सख्त रहेगी। 24 मई को देवघर के बाबा मंदिर में पूजा-अर्चना का क्रार्यक्रम प्रस्तावित है। देवघर दौरे के दौरान देवघर एयरपोर्ट, पांडेय मोड़। कुंडा मोड़, टावर चौक, बाबा बैघनाथ मंदिर और सर्किट हाउस देवघर के 2 किलोमीटर परिधि क्षेत्र को अस्थायी रुप से दो दिन (23 और 24) के लिये रेड जोन घोषित किया गया है। कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति के रेड जोन में ड्रोन और यूएभीएस नही चलायेगा। ऐसा करने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। देवघर में राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर 2000 हजार अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है।

## आलोक चौरसिया V/S केएन त्रिपाठी

# दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**SPECIAL REPORTER RANCHI :** डाल्टेनगंज विधायक आलोक चौरसिया के निर्वाचन को चुनौती देने वाली चुनाव याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। केएन त्रिपाठी की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता सलमान खुर्शीद ने इस केस के कानूनी पहलू पर बहस की। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में मामले की सुनवाई हुई।

पिछली सुनवाई में विधायक आलोक चौरसिया की ओर से वरीय अधिवक्ता वीपी सिंह ने बहस के दौरान कोर्ट को बताया था कि झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) एक्ट की धारा 28 के अनुसार जैक कोई कार्रवाई या आदेश पारित करता है तो उसे न्यायालय में चैलेंज नहीं किया जा सकता है। आलोक चौरसिया की ओर से यह भी कहा गया कि जब जैक ने उनके जन्मतिथि में संशोधन कर दिया है और वह अब ठीक हो चुका है तो उसे किसी अदालत में चैलेंज नहीं किया जा सकता है, तो फिर इलेक्शन पिटिशन में कैसे इसे चुनौती दी जा सकती हैं। बताया गया कि आलोक चौरसिया की ओर से गलती से फॉर्म भरते समय जन्मतिथि वर्ष1995 का भर दिया गया था। बाद में उन्हें महसूस हुआ कि गलत भरा गया है लेकिन वे उस समय ठीक नहीं करा सके थे। बाद में उन्होंने वर्ष 2012 में अपने जन्म तिथि में सुधार की कार्रवाई शुरू की थी। इसके बाद वर्ष 2014 में उनकी जन्मतिथि में झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने सुधार किया था। सुनवाई के दौरान केएन त्रिपाठी की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता महेश तिवारी एवं अभिषेक कुमार दुबे ने पैरवी की। पूर्व की सुनवाई में केएन त्रिपाठी की ओर से बहस में कहा गया था कि झारखंड विधानसभा चुनाव के नामांकन के समय में आलोक चौरसिया की उम्र 25 वर्ष से कम थी। इसलिए वे चुनाव लड़ने के योग्य नहीं थे।

**केएन त्रिपाठी ने दायर की है चुनाव याचिका**

दरअसल, कांग्रेसी नेता केएन त्रिपाठी ने चुनाव याचिका दाखिल कर कहा था वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव के नामांकन के दौरान आलोक चौरसिया की उम्र 25 वर्ष पूरी नहीं हुई थी। इस कारण वे चुनाव लड़ने के अयोग्य थे। इसलिए उनका निर्वाचन रद्द किया जाए।

### बोकारो के फुटकर दुकानदारों ने खटखटाया हाईकोर्ट का दरवाजा

झारखंड हाई कोर्ट में शनिवार को बोकारो जिला दुकानदार संघ ने रिट याचिका दाखिल की है। बोकारो स्टील सिटी के संपदा न्यायालय ने बोकारो जिले के लगभग 1900 फुटपाथ दुकानदारों को हटाने का आदेश दिया है। इसके खिलाफ फुटपाथ दुकानदारों ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। याचिका में कहा गया है कि बोकारो में कई वर्षों से फुटपाथ दुकानदार अपनी दुकानें लगा कर जीविका चला रहे हैं लेकिन बिना किसी वैकल्पिक इंतजाम किये उन्हें हटाने का आदेश जारी कर दिया गया है। दुकानदारों को कोई नोटिस भी नहीं दिया गया है। दुकानदार संघ की ओर से अधिवक्ता जगत कुमार सोनी हाई कोर्ट में पक्ष रखेंगे।

# जमीन कारोबारी कल्लू यादव हत्याकांड के मुख्य आरोपी ने कोर्ट में किया सरेंडर

## बिहार के शूटर ने मारी थी गोली, अस्पताल ले जाने के दौरान हुई थी मौत


मृतक कल्लू यादव

### सुपारी में मिले थे तीन लाख रुपये

पुलिस के मुताबिक, जमीन विवाद में कल्लू यादव की हत्या करवायी गयी थी। उसकी हत्या के लिए सुपारी के तौर पर एक मोटी रकम का भुगतान किया गया था। कल्लू यादव की हत्या बिहार स्थित फुलवारी शरीफ के रहने वाले अपराधी अभिषेक कुमार पासवान उर्फ छोटू ने की थी। छोटू को इसके लिए तीन लाख रुपये मिले थे। टेक्निकल सेल की मदद से शूटर अभिषेक को हजारीबाग से गिरफ्तार किया गया था। जमीन विवाद की वजह से सुनील यादव ने कल्लू यादव की हत्या की साजिश रची थी।

**CRIME REPORTER RANCHI :** जमीन कारोबारी अनिल कुमार उर्फ कल्लू यादव हत्याकांड के मुख्य आरोपी सुनील यादव ने शनिवार को कोर्ट सरेंडर कर दिया है। सुनील यादव ने नाटकीय ढंग से कोर्ट में सरेंडर किया। गौरतलब है कि बीते तीन मार्च को टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के आरा गेट के पास स्थित एक हार्डवेयर दुकान में कल्लू यादव बैठा हुआ था। उसी दौरान शूटर अभिषेक उसके पास गया और कल्लू यादव पर गोली चला दी। घायल कल्लू यादव को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी थी।

### CMOAI की CMPDI शाखा का चुनाव संपन्न

**RANCHI :** कोयला अधिकारियों के संगठन सीएमओएआई की सीएमपीडीआई शाखा का पुनर्गठन किया गया है। इसके लिए हुए चुनाव का परिणाम 19 मई के देर रात को मतगणना के उपरांत जारी हो गया। मुख्य चुनाव अधिकारी अतुल कुमार और रिटर्निंग आफिसर दीपक ध्यानी ने परिणाम जारी किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि प्रवीण कांत शरण निर्विरोध रूप से अध्यक्ष चुने गए। प्रवीण शरण सीएमपीडीआई के मुख्यालय में विभागाध्यक्ष (सीसी लैब) हैं वाइस प्रेसिडेंट प्रभाकांत कुशवाहा और हेमंत कुमार चैहान चुने गए। इस पद के लिए कुल 3 उम्मीदवार मैदान में थे। इन दोनों को क्रमशः 375 और 383 वोट मिले।

# हटिया स्टेशन से 10 किलो गांजा के साथ दो तस्कर को RPF ने किया गिरफ्तार

**CRIME REPORTER RANCHI :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने हटिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या एक से 10 किलो गांजा के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। शनिवार को आरपीएफ की टीम ने ऑपरेशन नारकोस के तहत ट्रेन संख्या 18452 पूरी हटिया एक्सप्रेस से दो व्यक्तियों को संदेहास्पद स्थिति में प्लेटफार्म पर निकास गेट की तरफ जाते देखा। इसमें एक व्यक्ति के पीठ पर कुछ भारी सामान लदा हुआ था। संदेह होने पर उन व्यक्तियों को रोककर पूछताछ की गई। बैग की तलाशी लेने पर उसके अंदर गांजा पाया गया। तत्काल इसकी सूचना हटिया आरपीएफ ने अपने वरिष्ठ ऑफिसर रांची मंडल के इंचार्ज पवन कुमार को दिया। इनके निर्देश पर तमाम औपचारिकता को पालन कर 10 किलो गांजा जब्त किया गया। जब्त गांजा की कीमत एक लाख बीस हजार आंकी गई। मामले में आशीष सिंह और सत्येंद्र तिवारी को गिरफ्तार कर जीआरपी हटिया को सुपुर्द कर दिया गया। दोनों से पूछताछ की जा रही है।


गिरफ्तार तस्कर व पुलिस ● फोटोन न्यूज

# CBI कोर्ट ने लालू का पासपोर्ट रिलीज करने का दिया आदेश

**PHOTON NEWS RANCHI :** राजद सुप्रीमो और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने सीबीआई कोर्ट से पासपोर्ट रिलीज करने की अनुमति मांगी थी। मामले में सीबीआई की स्पेशल कोर्ट में सुनवाई हुई। इसके बाद कोर्ट ने लालू का पासपोर्ट रिलीज करने का आदेश दे दिया। लालू ने कोर्ट में अधिवक्ता के माध्यम से याचिका दाखिल की थी। अधिवक्ता अनंत कुमार विज ने शनिवार को बताया कि पासपोर्ट रिनुअल करवाने के लिए अदालत से रिलीज करने का अनुरोध किया गया था। उसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। साथ ही पासपोर्ट रिलीज करने का आदेश दिया है।

उल्लेखनीय है कि लालू चारा घोटाले के अलग-अलग मामलों में सजायाफ्ता हैं। उन्हें हाई कोर्ट से बेल मिली है। फिलहाल वह जमानत पर हैं। जमानत की शर्त के अनुसार उनका पासपोर्ट कोर्ट में जमा रखना है। कोर्ट की अनुमति से ही वह पासपोर्ट ले सकते हैं और इस्तेमाल कर सकते हैं।

# दो किलो अफीम के साथ तीन धराए

**CRIME REPORTER RANCHI :** बुंडू अनुमंडल के दशम फॉल थाना क्षेत्र के लोआहातु में बीते रात पुलिस ने डीएसपी अजय कुमार के नेतृत्व में अवैध अफीम के साथ 3 लोगों की गिरफ्तारी की है। यह तीनों गांव के समीप अफीम बेचने के फिराक में निकले हुए थे। पुलिस द्वारा की जा रही चेकिंग में इन लोगों पर संदेह होने पर बाइक से जा रहे लोगों को रोका गया और तलाशी ली गई तो इन लोगों के पाल से 2 किलो अफीम पाया गया। ये तीनों लोआहातु गांव के बड़ेदा तथा आड़ाडीह का निवासी है। यह तीनों व्यक्ति चतरा जिले के कृष्ण कुमार सिंह को अफीम की बिक्री के लिए रांची जा रहे थे। बुंडू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार ने कहा कि बीते 3 दिनों में सोनाहातू, तमाड़ तथा दशम फॉल थाना से लगातार अफीम तथा डोडा की धरपकड़ की गई है।


प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी देते डीएसपी अजय कुमार ● फोटोन न्यूज

# फरार दाहू यादव के पिता की बेल पर 26 को फैसला

● शनिवार को पशुपति याादव की जमानत याचिका पर हुई सुनवाई

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची ईडी के विशेष कोर्ट में शनिवार को पशुपति यादव की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। पीएमएलए कोर्ट के स्पेशल जज प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में पशुपति यादव की याचिका पर सुनवाई हुई। पशुपति यादव की तरफ से हाईकोर्ट के वकील जय शंकर त्रिपाठी, राकेश रंजन त्रिपाठ एवं राजेश तिवारी ने दलील दी। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार उर्फ काका जी ने बहस की। पशुपति यादव दाहू यादव एवं सुनील यादव के पिता हैं। दाहू यादव अवैध खनन से जुड़े मनी लाउंड्रिंग के केस में आरोपी है और उसे फरार घोषित किया जा चुका है। सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने पशुपति यादव की बेल पर फैसला सुनाने के लिए 26 मई की तारीख मुकर्रर की है।

## मई की जगह एक जून से मिलेगी गर्मी की छुट्टी, छात्रों को हो रही परेशानी

# भीषण गर्मी में भी कॉलेजों में चल रही कक्षाएं

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड के सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में अब गर्मी की छुट्टियां मई की जगह 1 जून से मिलेगी। इसे लेकर राजभवन ने कुछ दिनों पहले सभी विश्वविद्यालयों को दिशा निर्देश जारी किये थे। मई की जगह जून में छुट्टी होने से विद्यार्थियों की परेशानी बढ़ गयी है। मई में पड़ रही भीषण गर्मी में छात्रों को कॉलेज जाने में परेशानी हो रही है। छात्रों का कहना है कि कड़ी धूप में उन्हें क्लास करने आना पड़ता है। उन्हें कॉलेज आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मार्निंग शिफ्ट वाले विद्यार्थियों को थोड़ी बहुत राहत है। लेकिन दूसरे शिफ्ट वाले विद्यार्थियों को कड़ी धूप में क्लास करने जाना पड़ता है। छात्रों का कहना है कि जून में मानसून शुरू हो जायेगा, तो उस समय इतनी गर्मी नहीं रहेगी। अगर मई में ही गर्मी छुट्टी मिलती तो विद्यार्थियों को राहत होती। उन्हें इस तपती गर्मी में क्लास करने नहीं आना पड़ता।

### राजभवन ने छुट्टियों में कटौती की

पहले विश्वविद्यालय अपने स्तर से छुट्टियां तय करते थे। लेकिन इस बार राजभवन ने छुट्टियों के कैलेंडर में बदलाव किया है। इसको लेकर राज्यपाल के ओएसडी जे मुकुलेशन नारायण ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजीत कुमार सिन्हा, डीएसपीएमयू के कुलपति प्रो. तपन कुमार शांडिल्य समेत अन्य विवि अधिकारियों के साथ छुट्टी में समानता लाने को लेकर बैठक की थी। जिसके बाद छुट्टियों में 50 प्रतिशत कटौती कर दी गयी। पहले गर्मी की छुट्टी लगभग एक माह की होती थी। लेकिन छुट्टियों के कैलेंडर में बदलाव के बाद अब केवल 20 दिनों की ही गर्मी छुट्टी मिलेगी।

### जिन शहरों में विश्वविद्यालय हैं, वहां का ये है तापमान

- रांची : 40 डिग्री सेल्सियस
- हजारीबाग : 43 डिग्री सेल्सियस
- धनबाद : 40 डिग्री सेल्सियस
- डालटनगंज : 43.1 डिग्री सेल्सियस
- जमशेदपूर : 41.1 डिग्री सेल्सियस
- चाईबासा : 40 डिग्री सेल्सियस
- दुमका : 41 डिग्री सेल्सियस


रांची धुर्वा के तिरिल मौजा में 72 एकड़ में बने झारखंड हाईकोर्ट के नए भवन का उद्घाटन 24 मई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। इसके पहले शनिवार को डोरंडा स्थित झारखंड हाईकोर्ट के पुराने भवन से धुर्वा स्थित हाईकोर्ट के नए भवन में शिफ्टिंग की तैयारी जोर-शोर से शुरू हो गई। पुराने हाईकोर्ट भवन में करीब 37 सेक्शन, जिनमें इस्टैब्लिशमेंट, जुडिशल सेक्शन, लाइब्रेरी, रिकॉर्ड रूम आदि से सामानों, संसाधनों, फाइलों, कंप्यूटर आदि को वाहनों से हाईकोर्ट के नए भवन में ले जाया जा रहा है।

# करोड़ों रुपये की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**PHOTON NEWS E.SINGHBHUM**

पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में लोगों को झांसे में लेकर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले मो. रेयान को मानगो पुलिस ने रांची से गिरफ्तार किया है। वह रांची के नगड़ी थाना क्षेत्र के कटहल मोड़ में रिश्तेदार के घर छुपा हुआ था।

सूचना पर मानगो पुलिस ने स्थानीय पुलिस की सहायता से उसे गिरफ्तार किया और शनिवार को ट्रांजिट रिमांड पर जमशेदपुर वापस लेकर चली गयी। रेयान पर मानगो सहारा सिटी के मो फहद मंजर से 15 से 20 करोड़ रुपये ठगी का आरोप है। इसके अलावा सैकड़ों लोगों ने रेयान पर ठगी का आरोप लगाया है।

पुलिस रेयान को लेकर शनिवार को डीएसपी हेडक्वार्टर वन के कार्यालय पहुंची, जहां पुलिस ने रेयान से पूछताछ की। डीएसपी हेडक्वार्टर वन वीरेंद्र राम ने बताया कि रेयान लोगों से रुपये डबल कर देने का झांसा देकर उनसे ठगी करता था। तीन सौ से ज्यादा लोगों को उसने शिकार बनाया है। इन लोगों से रेयान ने 15 से 20 करोड़ रुपये की ठगी की है।

## दुमका में छात्रों ने साइकिल चोरी करते एक को पकड़ा, जमकर धुनाई के बाद पुलिस को सौंपा

**DUMKA :** नगर थाना क्षेत्र रसिकपुर नागडीह मोहल्ले में स्थित कोचिंग सेंटरों से पिछले कुछ दिनों से लगातार छात्रों की साइकिल की चोरी का मामला सामने आ रहा था। चोरी की घटना आसपास के सीसीटीवी में कैद भी हुई लेकिन चोर पकड़ में नहीं आ पा रहा था।

कोचिंग के शिक्षक व छात्र साइकिल चोरी की लगातार बढ़ रही घटनाओं से परेशान थे। छात्रों ने बताया कि अब तक 10 से भी अधिक विभिन्न कोचिंग संस्थान से साइकिल चोरी हो चुकी है। शनिवार की सुबह भी कोचिंग के बाहर से एक बदमाश साइकिल चुराकर भागने के प्रयास में था। इस बीच छात्रों की नजर पड़ गई। इसके बाद छात्रों ने उसे पकड़ लिया और जमकर पिटाई के बाद खंभे से बांध दिया। घटना की सूचना नगर थाना पुलिस को दी गई। पुलिस भी मौके पर पहुंची और चोरी के आरोपित को हिरासत में लेकर थाने लायी।

## पीवीयूएन ने कटिया बाजार में चलाया स्वच्छता अभियान



स्वच्छता अभियान में शामिल अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RAMGARH**

स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान के चैथे दिन शनिवार को पीवीयूएन कंपनी द्वारा कटिया बाजार में साफ-सफाई अभियान चलाया गया।

मौके पर पीवीयूएन के अधिकारी, कर्मचारी, मुखिया व अन्य जनप्रतिनिधियों ने एकजुट होकर कटिया बाजार में स्वच्छता अभियान चलाया। साथ ही लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। साथ ही कटिया बाजार के दुकानदारों, व्यवसायियों व आमजनों से आसपास के क्षेत्रों में कूड़ा-कचरा न डालने की अपील करते हुए पर्यावरण स्वच्छ बनाने में हर संभव सहयोग करने की बात कही। कहा कि अपने घर व आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखना हमसबों का कर्तव्य है। कचरे को अनुकूल तरीके से निपटारा करें।

अभियान के तहत कर्मचारी कल्याण संघ, स्वर्णरेखा महिला समिति एवं बाल भवन के पदाधिकारियों ने भी आवासीय क्षेत्र की साफ-सफाई के लिए काफी उत्साह के साथ आगे आए।

# चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कार्यकारिणी समिति की हुई बैठक

**PHOTON NEWS RAMGARH**

रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कार्यकारिणी समिति के सत्र 2023-25 की प्रथम वर्ष की द्वितीय बैठक 19 मई 2023 दिन शुक्रवार बिजुलिया स्थित चेंबर भवन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता चेंबर अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल व संचालन मानद सचिव मनोज चतुर्वेदी उर्फ मानु ने किया। चेंबर अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल ने इस बैठक में व्यापारियों से जुड़े समस्याओं एवं निदान पर विशेष चर्चा करते हुए आश्वासन दिया कि सभी मुद्दों पर विभागीय अधिकारी से बात कर इसका निदान निकाला जाएगा। चेंबर मानद सचिव मनोज चतुर्वेदी उर्फ मानू ने आए गए पत्रों की जानकारी के साथ-साथ वार्षिक आमसभा पर विचार विमर्श किया। कार्यकारिणी समिति के सदस्यों से अपने अपने विचार रखने का प्रस्ताव रखा। जिसे कार्यकारिणी के सदस्यों पूर्व अध्यक्षों आमंत्रित सदस्यों एवं उपस्थित लोगों ने अपनी-अपनी राय चेंबर अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल को दिया। जिसे असली जामा पहनाने का कार्य अध्यक्ष अग्रवाल करेंगे। वही चेंबर अध्यक्ष अग्रवाल ने की इस बैठक में विस्तार पूर्वक समस्यांओ पर चर्चा की।

जैसे शिवाजी रोड से चट्टी बाजार, ब्रिगेडियर पुरी पार्क के बगल से बाजार टांड (गोडयारी बागी रोड़) फुटबॉल ग्राउंड के बगल से लेकर नेहरू पथ होते हुए राजस्थान कालेवालय चट्टी बाजार तक तक जाने वाली सड़क की बदहाली, शहर में अनियमित विद्युत आपूर्ति जिससे उद्योग, व्यापार एवं आम जनों पर इसका असर पडता है। व्यापक असर,गिद्दी एवं भुरकुंडा के व्यापारियों को हो रही समस्याएं, बाजार समिति रामगढ़ में व्याप्त बिजली एवं पानी की समस्याओं पर भी चेंबर ने विस्तार पूर्वक चर्चा की। संबंधित विभाग को अविलंब सुधार करने का आग्रह करने का निर्णय लिया गया अंत में उपाध्यक्ष मंजीत साहनी ने सभी आए हुए पदाधिकारियों अतिथियों एवं सदस्यों को धन्यवाद देते हुए राष्ट्रगान के साथ बैठक समाप्त करने की घोषणा की। बैठक में मुख्य रूप से चेंबर के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, मनजी सिंह,आनंद अग्रवाल,दुर्गा प्रसाद सिंह उर्फ वकील सिंह,अनूप कुमार सिंह उर्फ बाबू साहब,चेंबर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष बालकिशन जलाल, कोषाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह सैनी,अमरेश गणक,गोपाल शर्मा,मुरारी लाल अग्रवाल,अमित साहू,दिलीप दत्ता गिद्दी,दिलीप अग्रवाल भुरकुंडा उपस्थित थे!

# कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में फ्लॉक्सस का समर कोड कैंप का किया उद्घाटन

**PHOTON NEWS RANCHI**

21वी सदी के कौशल विकास में बच्चों को तकनीकी शिक्षा की भूमिका एवं नई शिक्षा नीति के निहितार्थ फ्लॉक्सस एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा समर कोड कैंप का शुभारंभ किया गया। यह कोड कैंप आज से एक महीने तक चलेगा। इसमे बच्चों को वेब डेवलपमेंट, गेमिंग वीथ पाइथन, ग्राफिक डिजाइनिंग सिखाया जाएगा। इस कोड कैंप का ध्येय है छात्रों को प्रोग्रामिंग और तकनीकी दक्षता में प्रशिक्षित करना, जिससे वे आगे चलकर समस्याओं का समाधान करने में सक्षम होंगे। इस कैंप में फ्लॉक्सस छात्रों को संरचनाओं की बुनियादी समझ, लॉजिकल सोच, और प्रोग्रामिंग भाषाओं की प्रवीणता के साथ परिचित कराने के लिए कठिनाईयों के ऊपर उठने का अवसर दे रही है।



समर कैंप में भाग लेते बच्चे। ● द फोटोन न्यूज

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर बीआईटी मेसरा, रांची के गणित के प्रोफेसर डॉक्टर एस पाढ़ी, डाटा साइंस के प्रोफेसर डॉक्टर मनीष कुमार पांडेय एवं कैंब्रियन स्कूल की प्रधानाचार्या नीता पांडे, वरिष्ठ समाजसेवी संजय जयसवाल, आईसीआईसीआई बैंक के चीफ मैनेजर अमित झा मौजूद थे।

प्रोफेसर पाढ़ी ने समर कोड कैंप को बहुत सराहा, प्रोफेसर मनीष ने कहा कि आना वाला समय टेक्नोलॉजी का है। प्रधानाचार्या ने कहा न्यू एडुकेशं पॉलिसी के अंतरगत कक्षा 6 से 12वी तक के बच्चों को स्किल डेवलपमेंट पर जोर दिया गया है जिससे वह आत्मनिर्भर बन सकें। मौके पर टीम फ्लॉक्सस के सभी सदस्य मौजूद थे।

### उपायुक्त माधवी मिश्रा ने किया पतरातू प्रखंड का दौरा

# DMFT के तहत बने पुलों एवं कल्याण गुरुकुल का किया निरीक्षण

**PHOTON NEWS RAMGARH**

शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा ने रामगढ़ जिला अंतर्गत पतरातू प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने डीएमएफटी के तहत निमार्णाधीन पुलों एवं कल्याण गुरुकुल का निरीक्षण किया।

डीएमएफटी के तहत पतरातू प्रखंड अंतर्गत टोकीसूद क्षेत्र में मगरदहा नदी एवं बीचा छेत्र के एतीयातु में दादुल घाट पर बने पुल का निरीक्षण कर उपायुक्त ने अधिकारियों से पुल के माध्यम से आम जनों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली इस दौरान उपायुक्त ने निर्धारित क्षमता के अनुरूप ही वाहनों का संचालन पुल पर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।



कल्याण गुरूकुल का निरीक्षण करती उपायुक्त। ● द फोटोन न्यूज

दौरे के क्रम में कल्याण गुरुकुल का निरीक्षण कर उपायुक्त ने गुरुकुल के माध्यम से युवतियों/महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान संचालक द्वारा उपयुक्त को जानकारी दी गई कि कल्याण गुरुकुल के माध्यम से युवतियों/महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण देने के उपरांत उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने का कार्य किया जाता है। इस संबंध में उपायुक्त ने ज्यादा से ज्यादा प्रशिक्षित युवतियों/महिलाओं को प्रशिक्षण के उपरांत उनके क्षेत्र में ही रोजगार उपलब्ध कराने हेतु योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। साथ ही उपायुक्त ने कल्याण गुरुकुल में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेते हुए केंद्र के सुचारू रूप से संचालन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, प्रखंड विकास पदाधिकारी पतरातू, अंचल अधिकारी पतरातू, डीएमएफटी टीम के सदस्यों सहित अन्य उपस्थित थे।

# भुरकुंडा : अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने परियोजना का किया दौरा

### पानी की समस्या को जल्द दूर करे प्रबंधन : सतीश सिन्हा

**PHOTON NEWS RAMGARH**

अखिल झारखण्ड कोयला श्रमिक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को भुरकुंडा परियोजना अंतर्गत वाटर फिल्टर प्लांठ का दौरा किया। इस दौरान संघ के केंद्रीय महासचिव सह सीसीएल वेलफेयर बोर्ड के सदस्य सतीश सिन्हा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल गर्मी में बढ़ते पानी की समस्या को लेकर भुरकुंडा फिल्टर प्लांट पहुंचे। साथ ही रिभर साईड सिविल पानी टंकी एवं क्वारी में जाकर पंप-मोटर का निरीक्षण किया। जहां पंप को खराब पाया गया।

मौके पर सतीश सिन्हा ने कहा कि रिभर साईड कॉलोनी डैम के पानी पर निर्भर है। डैम का पानी नहीं मिलने पर इसका वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में क्वायरी से अलग सप्लाई की व्यवस्था की जाए। ताकि गर्मी में लोगों को पानी की समस्या से जूझना न पड़े। उन्होंने कहा कि



दौरे में शामिल संघ के लोग। ● द फोटोन न्यूज

ओल्ड भुरकुंडा के कॉलोनियों में भी पंप खराब रहने के कारण पानी नहीं मिल पा रहा है। नये पंप के लिए हेडक्वार्टर एवं महाप्रबंधक बरका-सयाल से बात करूंगा।

श्री सिन्हा ने बरका-सयाल महाप्रबंधक एव कार्मिक प्रबंधक असैनिक से दूरभाष पर वार्ता कर पानी की समस्या को जल्द से जल्द दूर करने की बात कही। प्रतिनिधि मंडल में क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा, क्षेत्रीय सेफ्टी बोर्ड सदस्य अजीत सिन्हा, भुरकुंडा परियोजना सचिव विकाश कांत सिन्हा, परियोजना अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा, परियोजना वेलफेयर सदस्य शैलेंद्र सिंह, सेफ्टी वेलफेयर सदस्य कमलेश कुमार, रामवृक्ष, रॉबीन मुखर्जी, प्रभाष दास, सनी कुमार सिंह आदि शामिल थे।

## Dodma-Sisai मुख्य पथ पर अब तक नहीं हो सका पुल निर्माण

# बरसात के दिनों में जिला मुख्यालय खूंटी से फिर टूट जायेगा दर्जनों गांवों का सीधा संपर्क

**PHOTON NEWS KHUNTI**

जिले के डोड़मा-सिसई मुख्य पथ पर कुदरी गांव के पास छाता नदी पुल के टूटे अब एक वर्ष होने को है लेकिन पुल निर्माण की बात तो दूर, अब तक डायवर्सन तक नहीं बन सका है। इसलिए बरसात के दिनों में इस रास्ते पर आवागमन ठप होना तय है। बरसात के पूर्व पुल के नहीं बनने से गुमला जिले का सीधा संपर्क जिला मुख्यालय से कट जाएगा। साथ ही खूंटी, डोड़मा, बिचना आदि के स्कूल-कॉलेजों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को भी परेशानी होगी।

पिछले वर्ष अगस्त महीने में छाता नदी का पुल ध्वस्त हो गया था। इसके कारण बरसात के दिनों के अलावा जब भी बारिश होती है, इस रास्ते पर आवागमन पूरी तरह ठप हो जाता है। पुल टूटने के कुछ दिनों के बाद विधायक कोचे मुंडा की पहल पर कामचलाऊ डायवर्सन का निर्माण कराया गया था लेकिन कुछ दिनों के बाद डायवर्सन भी पानी में बह गया।



जर्जर हुआ छाता नदी का पुराना पुल। ● द फोटोन न्यूज

नये पुल निर्माण के संबंध में पथ निर्माण विभाग (लोक निर्माण) के कार्यपालक अभियंता ने कहा कि पुल निर्माण के लिए निविदा की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रशासनिक स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

कर्रा प्रखंड के गुमडू गांव के रहने वाले समाजसेवी विनोद सिहं कहते हैं कि छाता नदी का यह पुल यातायात की दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण है। पुल टूट जाने से बरसात के दिनों में सैकड़ों गांवों का सीधा संपर्क जिला मुख्यालय से टूट जाएगा। खासकर विद्यार्थियों और मरीजों को भारी परेशानी होगी। इसके बावजूद राज्य सरकार इस पुल के पुनर्निर्माण की दिशा में कोई पहल नहीं कर रही है।

## छुट्टियों में कटौती का शिक्षकों ने किया विरोध

**RAMGARH :** राजभवन द्वारा छुट्टियों में की गई कटौती के विरोधस्वरूप रामगढ महाविद्यालय के शिक्षकों द्वारा कालेज प्रशासनिक भवन के समक्ष काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। शिक्षकों ने कहा कि दिनों-दिन गर्मी के बढते प्रकोप के कारण कक्षाओं में विद्यार्थियों की संख्या लगातार कम होती जा रही है, जिससे पहले से ही शिक्षकगण चिंतित थे। रामगढ़ कोलियरी क्षेत्र होने की वजह से झारखंड के बाकी जगहों की तुलना में अधिक गर्म है। ज्ञात हो कि रामगढ़ महाविद्यालय में छात्र-छात्राएँ गोला, चितरपुर, पेटरवार, छतर-मांडू, गिद्धी, पतरातू, कोठार और बड़काकाना जैसे सुदूरवर्ती क्षेत्रों से बडी. कठिनाइयों का सामना करते पढाई करने आते हैं। कक्षा करके लौटते हुए भीषण गर्मी के असर से ज्यादातर बच्चों की तबियत बिगड़ रही है, जिसकी शिकायत अभिभावकों द्वारा निरंतर शिक्षकों से की जा रही है।

## BRIEF NEWS

### लोहा करमाली के परिजनों को दी गई खाद्य सामग्री

**RAMGARH :** वार्ड नंबर 6 जारा टोला के करमाली मोहल्ला निवासी स्वर्गीय लोहा करमाली के परिजनों को दी गई खाद सामग्री जिसमें 30 केजी आटा 26 केजी चावल 5" चूड़ा गुड़ पापड़ परिजनों को सौंपा गया ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जयसवाल ने बताया कि आज से 10 दिन पूर्व 10 मई को स्वर्गीय लोहा करमाली जो काफी दिनों से बीमार थे पैसा ना होने के कारण इलाज कराने से असमर्थ थे परिजनों ने बताया कि पैसा ना होने के कारण डॉक्टरी इलाज नहीं करा पाए जिसके कारण स्वर्गीय लोहा करमाली का गरीबी और बीमारी के कारण उनका देहांत हो गया परिजनों ने 10 कर्म के लिए खाद सामग्री के लिए मदद का गुहार लगाया था समाजसेवी बेबी देवी ने मुझे फोन कर जानकारी दीजिए मैं तुरंत परिजनों को खाद सामग्री लेकर स्वर्गीय लोहा सिंह के परिजनों को घर जाकर खाद सामग्री पहुंचाया बेबी देवी एवं परिजनों ने ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल का आभार प्रकट किया साथी बेवी देवी ने बताया कि ज्ञान महिला समिति आए दिन गरीब असहाय परिवारों को हर संभव मदद करते हैं इस मौके पर गुड़िया देवी आरती देवी मंजू देवी मंजू देवी सरस्वती देवी संगीता देवी सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित थी

### बिजली बिल ब्याज माफी योजना के तहत अपर समाहर्ता ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**RAMGARH :** शनिवार को अपर समाहर्ता रामगढ़ श्री नेल्सम एयोन बागे ने बिजली बिल ब्याज माफी योजना (एकमुश्त समाधान योजना 2023) के तहत आम लोगो को जागरूक करने के उद्देश्य से समाहरणालय रामगढ़ परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रथ जिले के सभी प्रखंडों एवं गाँवों में घुम-घुम कर आम लोगों सरकार द्वारा चली जा रही बिजली बिल ब्याज माफी योजना 2023 के बारे में जागरूक करने का कार्य करेगी। इस योजना के तहत 31 दिसंबर 2022 तक के बकाये बिजली बिल का एकमुश्त भुगतान करने पर ब्याज माफ। घरेलू (शहरी एवं ग्रामीण) श्रेणी एवं कृषि व सिंचाई निजी श्रेणी के उपभोक्ताओं को भी योजना से आच्छादित किया जाएगा। बकायेदार विच्छेदित (छऊ), लीगल नोटिस एवं सर्टिफिकेट केस घरेलू उपभोक्ता (शहरी एवं ग्रामीण) को भी इस योजना का लाभ दिया जाएगा। मौके पर एलआरडीसी रामगढ़, विद्युत अधीक्षण अभियंता रामगढ़ अंचल, विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्यपालक अभियंता कुजू/रामगढ़ सहित अन्य उपस्थित थे।

### जन सेवक संघ की हड़ताल 12वां दिन भी जारी

**RAMGARH :** जन सेवक संघ के हड़ताल का 12वां दिन भी जारी रहा। मौके पर पहुंच कर महामंत्री जन सेवक संघ श्री लोकेश कुमार ने बताया कि धरना में बैठने के कारण जिले में जन सेबको के जिममें जो काम थे वे सभी प्रभावित हो रहे हैं उन्होंने उम्मीद जताया की जल्दी सरकार हमारी ओर ध्यान आकृष्ट कर हमारी मांगों को पूरा करेंगे साथ अनुरोध किया गया कि जल्द से जल्द हमारी मांगों पर सकारात्मक विचार किया जाए।

### कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय श्रीश्री सहस्त्र महाचण्डी यज्ञ का हुआ शंखनाद

**RAMGARH :** श्रीश्री 1008 श्री गुरु खेपा बाबा महाराज के सानिध्य में थाना मैदान तारा बाड़ी खेपा बाबा आश्रम भुरकुंडा में शनिवार को कलश यात्रा के साथ नौद्य दिवसीय श्रीश्री सहस्त्र महाचण्डी यज्ञ का शुभारंभ हुआ। कलशों से सजी इस जल यात्रा में 1101 श्रद्धालु महिला-पुरूष शामिल हुए। कलश यात्रा थाना मैदान से शुरू होकर जवाहर नगर, भुरकुंडा बाजार आदि क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए नलकारी नदी पहुंची। यहां वाराणसी के आचार्य सत्येंद्र गर्ग और पतरातू के आचार्य राधेश्याम दुबे ने पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलशो में जल भरवाया। इसके बाद पुनः कलश यात्रा यज्ञ मंडप पहुंची। जहां कलशों की स्थापना की गई। कलश यात्रा के दौरान आराध्य देवी-देवताओं के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान होता रहा। पूजा में बतौर यजमान कृष्णा साहू और फूलचंद गंझू सपत्नी शामिल हुए। महायज्ञ के दूसरे दिन रविवार को अग्नि प्रवेश, मंडप पूजन प्रवेश के साथ यज्ञ मंडप की परिक्रमा शुरू होगी। वहीं 28 मई को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के बीच नौ दिवसीय महायज्ञ का समापन होगा। यह समिति के लोगों ने बताया कि रविवार से प्रत्येक दिन शाम 8 बजे से रात्रि 11 बजे तक नेपाल पशुपति नाथ से आये भोलानाथ महाराज और सीवान से आए पंडित गजानंद तिवारी द्वारा प्रवचन का पाठ किया जायेगा। इधर महायज्ञ को ले पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। कलश यात्रा में मुख्य रूप से पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, सांसद प्रतिनिधि योगेश दांगी, भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान, रामाकांत दुबे, जगतार सिंह, पूर्व मुखिया सुभाष दास उर्फ काला बाबू, सतीश मोहन मिश्रा, भोला सिंह कुशवाहा, अशोक राय, गांधी महतो, दयानंद महतो, विजय सिंह, केसी दास, मनोज सिन्हा, दीपक भुंइया, विक्रम करमाली, विक्रम कुमार, पूर्व पंसस रेणुका देवी, लखन महतो आदि शामिल हुए। महायज्ञ को सफल बनाने में यज्ञ समिति के अध्यक्ष प्रेमनाथ विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष ललन प्रसाद, सत्यनारायण दांगी, सचिव राजेंद्र सिंह, सहसचिव देवानंद महतो, कोषाध्यक्ष मनोहर सोनी, सह कोषाध्यक्ष राहुल मंडल, प्रबंधन समिति अध्यक्ष वृजनंदन दास, सागर अम्बष्ट आदि जुटे हैं।

### शिक्षक के अभाव में 22 वर्ष से छात्र नहीं पढ़ रहे अंग्रेजी

**GIRIDIH :** गिरिडीह जिले के सरिया प्रखंड में एक ऐसा विद्यालय है, जिसके स्थापना काल 2002 से ही छात्रों को अंग्रेजी पढ़ाने वाले कोई शिक्षक नहीं है। विद्यालय स्थापना का 22 वर्ष गुजर गया लेकिन विभाग एक अंग्रेजी शिक्षक नियुक्त नहीं कर सका है। आज भी बच्चे ट्रांसलेशन बुक को पढ़कर परीक्षा दे रहें हैं। तमाम सरकारी सुविधाएं मिलने के बावजूद भी शिक्षक के अभाव में विद्यार्थी शिक्षा से वंचित रह जातें हैं। मामला जिले के सरिया क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिंगदहा की है। इस संबंध में पूछे जाने पर स्कूल के कई बच्चों ने बताया कि विद्यालय में अंग्रेजी विषय का पढ़ाई नहीं होता है।पढ़ाई के नाम पर गणित के शिक्षक दिलीप विश्वकर्मा ही इंग्लिश ट्रांसलेशन कभी-कभार पढातें हैं। लिहाजा हम सभी महज ट्रांसलेशन बुक पढ़कर परीक्षा देने को मजबूर हैं। सचिव द्वारिका महतो ने बताया कि विद्यालय में 150 से अधिक छात्र-छत्राएं पढ़तें हैं और शिक्षकों की संख्या भी क्षमता से कम है, जिसके कारण एक ही क्लास में दो-तीन क्लास के बच्चों को पढ़ाया जाता है। इससे नुकसान सभी विद्यार्थियों को है। विद्यार्थी सुधीर वर्मा ने कहा कि जब से स्कूल आना प्रारम्भ किए हैं तब से अंग्रेजी विषय के शिक्षक नहीं आए हैं। जब परीक्षा आता है तो हमसबों को काफी परेशानी होती है। छात्रा सुलेखा कुमारी ने बताया कि महीने में एकाध-बार अंग्रेजी के नाम पर ट्रांसलेशन पढ़ाया जाता है। सिलेबस को छोड़ दिया जाता हैं।

### तोरपा और अड़की में लगा बिजली बिल ब्याज माफी योजना का शिविर

**KHUNTI :** तोरपा प्रखंड परिसर में बिजली विभाग ने शनिवार को ऊर्जा मेला का आयोजन किया। ऊर्जा मेले में उपभोक्ताओं को झारखंड सरकार द्वारा लागू बिजली बिल ब्याज माफी योजना का लाभ दिया गया और विभिन्न समस्याओं का निदान किया गया। साथ ही उपभोक्ताओं के बीच एलईडी बल्ब और अन्य उपहार वितरित कर ऊर्जा संरक्षण के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संतोष कुमार, कनीय विद्युत अभियंता, तोरपा और अन्य विद्युतकर्मी तौशीफ अंसारी, प्रवीण कुमार, आलोक बागे, राजेश कुमार, परमानंद आदि ने योगदान दिया। इधर, अड़की प्रखंड परिसर में भी शनिवार को बिजली बिल माफी योजना के तहत शिविर लगाया गया। शिविर में सात उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान किया गया। कार्यक्रम में कनीय विद्युत अभियंता मुरली मनोहर प्रसाद, बैंकुठ रविदास, अमित कुमार कश्यप, विनोद टुडू, अजय कुमार महतो, अभिजीत कुमार शशि कुमार मिश्रा, मनीष कुमार के अलावा काफी संख्या में विद्युत उपभोक्ता उपस्थित थे।

# महाराष्ट्र में पेट्रोल और डीजल की कीमत में तेज गिरावट

## राजस्थान और मध्यप्रदेश में पेट्रोल और डीजल महंगा

**नई दिल्ली ।**

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में शनिवार को थोड़ी गिरावट देखने को मिल रही है। डब्ल्यूटीआई क्रूड 0.43 फीसदी गिरकर 71.55 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। वहीं ब्रेंट क्रूड 0.37 फीसदी गिरकर 75.58 डॉलर प्रति बैरल पर बिक रहा है। देश में तेल मार्केटिंग कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल के ताजा रेट जारी कर दिए हैं। महाराष्ट्र में पेट्रोल की कीमत 1 रुपए कम होकर 105.96 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गई है। वहीं डीजल की कीमत में 97 पैसे की गिरावट है और यह 92.49 रुपए प्रति लीटर के भाव पर मिल रहा है। पंजाब में पेट्रोल 47 पैसे और डीजल 45 पैसे सस्ता हो गया है। इसी तरह हरियाणा, केरल सिक्किम और झारखंड में पेट्रोल और डीजल के दाम घटे हैं। दूसरी ओर तेलंगाना में पेट्रोल 1.48 और डीजल 1.39 रुपए महंगा होकर क्रमशः 111.83 और 99.84 प्रति लीटर पर बिक रहा है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, कर्नाटक और ओडिशा समेत कुछ और राज्यों में भी पेट्रोल और डीजल महंगा हुआ है। एक महानगर चेन्नई में पेट्रोल और डीजल क्रमशः 11 और 9 पैसे सस्ता हुआ है।



दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.94 रुपए और डीजल 89.76 रुपए प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में 96.44 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.57 रुपए और डीजल 89.56 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.48 रुपए और डीजल 94.26 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपए और डीजल 79.74 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

# सुप्रीम कोर्ट की विशेषज्ञ समिति ने सेबी के जटिल केसों के लिए मल्टी-एजेंसी कमेटी का सुझाव दिया

## - जांच समिति भारत सरकार द्वारा वित्तीय स्थायित्व एवं विकास परिषद के संरक्षण में बनाई जा सकती है

**नई दिल्ली ।**

सर्वोच्च न्यायालय की 6 सदस्यीय विशेषज्ञ समिति ने बाजार नियामक सेबी के साथ जुड़े जटिल मामलों की जांच के लिए केंद्र द्वारा मल्टी-एजेंसी कमेटी यानी कई एजेंसियों वाली समिति बनाने का सुझाव दिया है। विशेषज्ञ समिति ने कहा है कि इस तरह की नई कमेटी ऐसे मामले में उपयोगी होगी जिनमें कौशल, और विभिन्न नियामकीय और प्रवर्तन एजेंसियों की दक्षता जरूरी है। समिति की रिपोर्ट में कहा गया है, जटिल प्रवर्तन मामलों में एक ऐसा ढांचा बनाना जरूरी होगा, जिससे कि जांच समिति खास मामले में जरूरी जांच करने में सक्षम हो सके।'रिपोर्ट में कहा गया है कि जांच समिति भारत सरकार द्वारा वित्तीय स्थायित्व एवं विकास परिषद के संरक्षण में बनाई जा सकती है। संबद्ध मामले को व्यवस्थित रूप से महत्वपूर्ण जांच करार देकर ऐसी जांच समिति के पास भेजा जाएगा। हालांकि समिति ने स्पष्ट किया है कि सरकार उन्हीं मामलों में ऐसे ढांचे का सहारा लेने में सक्षम होगी, जो गंभीर अंतरक्षेत्रीय प्रभाव से जुड़े हों और उसे अनुशासित कौशल पर जोर देने की जरूरत होगी। समिति का कहना है कि 2021-22 में सेबी द्वारा शुरू की गई कार्यवाहियों की संख्या बढ़कर 7,195 पर पहुंच गई, जबकि 2020-21 में ऐसे मामले 562 और 2019-20 में 249 थे। समिति ने सुझाव दिया है कि सेबी का नियामकीय लक्ष्य समय पर पूरा हो सकता है और कुछ बड़े और जटिल मामलों में त्वरित कदम उठाने की जरूरत होगी। रिपोर्ट में कहा गया है, नियामक को अपना लक्ष्य हासिल करने के लिए, यह नीति बनानी होगी कि गंभीर या ज्यादा महत्व के मामलों का निपटान कैसे किया जा सके।

कार्यवाहियों की संख्या में तेजी को देखते हुए यह अध्ययन करने की जरूरत महसूस हुई है कि किस तरह से निपटान प्रक्रिया को प्रभावी बनाया जाए। समिति ने कहा है कि चूंकि बाजार नियामक ने बिचौलियों को लाइसेंस देने से लेकर क्रियान्वयन के लिए अधिकार प्रदान किए हैं, इसलिए मौजूदा हालात में सेबी को और ज्यादा अधिकार दिए जाने की जरूरत नहीं है।

हालांकि समिति ने कहा है कि नियामक के लिए न्यायिक अनुशासन की जरूरत थी, क्योंकि कई बार अधिकारी समान मामले पर अलग निर्णय लेते हैं। सेबी को जांच शुरू करने, जांच पूरी करने, कार्यवाही शुरू करने, निपटान आदि के लिए तय समय-सीमा भी अपनानी चाहिए।

इसे कानून में शामिल किया जाना चाहिए। रिपोर्ट में कहा गया है कि समय-सीमा के कुछ बिंदु दिशात्मक होने चाहिए और अन्य को अनिवार्य बनाया जासकता है, लेकिन कानून में समय-सीमा का पूरी तरह से अभाव एक ऐसी समस्या है जिसे दूर करने की जरूरत है।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है, सेबी के लिए ऐसी कार्य प्रणालियों के बारे में अध्ययन करना और सेबी के प्रवर्तन को नियंत्रित करने वाले संबद्ध कानूनों में ऐसा ढांचा अपनाना जरूरी होगा। सेबी ऐक्ट के लिए ऐसे स्व-अनुशासन प्रावधानों को संसद द्वारा संशोधित किए जाने की जरूरत नहीं है।

# जोमैटो का मार्च तिमाही का मुनाफा घटकर 187.6 करोड़ हुआ

**नई दिल्ली ।**

ऑनलाइन खाना ऑर्डर की सुविधा देने वाला मंच जोमैटो का 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में मुनाफा सालाना आधार पर घटकर 187.6 करोड़ रुपए रह गया। मुख्य रूप से आय बढ़ने के कारण कंपनी का घाटा कम हुआ है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसे इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 359.7 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था। जोमैटो की एकीकृत परिचालन आय वित्त वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही के 1,211.8 करोड़ रुपए से बढ़कर मार्च, 2023 तिमाही में 2,056 करोड़ रुपए हो गई। कंपनी ने बताया कि मार्च, 2023 तिमाही में कुल व्यय 2,431 करोड़ रुपए रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,701.7 करोड़ रुपए रहा था। वित्त वर्ष 2022-23 के लिए कंपनी का घाटा 971 करोड़ रुपए रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 1,222.5 करोड़ रुपए था। कंपनी की एकीकृत परिचालन आय वित्त वर्ष 2021-22 के 4,192.4 करोड़ रुपए से बढ़कर वित्त वर्ष 2022-23 में 7,079.4 करोड़ रुपए हो गई।




# सेबी ने एफएंडओ सौदों के लिए जोखिम खुलासे अनिवार्य बनाए

**मुंबई ।**

जुलाई तक देश में सभी शेयर ब्रोकरों को अपनी वेबसाइट पर इक्विटी वायदा एवं विकल्प (एफऐंडओ) सेगमेंट में कारोबार से जुड़े जोखिम संबंधित खुलासों की जानकारी देनी होगी। उद्योग विश्लेषकों का कहना है कि कुछ खास निवेशकों को डेरिवेटिव कारोबार से जुड़े जोखिमों के प्रति चेताने के लिए यह सेबी द्वारा नियोजित उपायों में से एक है। सेबी ने एक सर्कुलर में कहा है। हालांकि निवेशकों द्वारा निवेश के निर्णय अपनी स्वयं की आकलन प्रक्रिया और जोखिम सहन करने की क्षमता पर आधारित होते हैं, लेकिन उन्हें डेरिवेटिव में कारोबार से जुड़े जोखिमों के बारे में स्पष्ट जानकारी देना जरूरी है।

# आरबीआई से केंद्र को मिलेंगे 87,416 करोड़, पिछले साल की तुलना में तिगुनी रकम

**नई दिल्ली ।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए सरकार को 87,416 करोड़ रुपए का अधिशेष हस्तांतरित करने की मंजूरी दी है। हालांकि आरबीआई ने 6 फीसदी आकस्मिक जोखिम बफर रखने का निर्णय किया है। हस्तांतरित की जाने वाली अधिशेष राशि वित्त वर्ष 2022 की तुलना में करीब तिगुनी है, मगर वित्त वर्ष 2022 के आंकड़ों से इसकी सटीक तुलना नहीं की जा सकती क्योंकि उस साल आरबीआई के लिए वित्त वर्ष नौ महीने का ही था। केंद्रीय बैंक ने पिछले साल से लेखा वर्ष जुलाई-जून को बदलकर अप्रैल-मार्च कर दिया था। वित्त वर्ष 2021 में **RBI** ने सरकार को 30,307 करोड़ रुपए अधिशेष हस्तांतरित किए थे। वित्त वर्ष 2022 में आकस्मिक बफर 5.5 फीसदी था। वित्त वर्ष 2022 में आपात कोष के लिए करीब 1.15 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया था। वित्त वर्ष 2023 में विदेशी मुद्रा भंडार की बिक्री से ज्यादा आय होने की वजह से अधिशेष में इजाफा हुआ है। केंद्रीय बैंक ने बयान में कहा कि निदेशक मंडल ने अपनी बैठक में वैश्विक और घरेलू आर्थिक स्थिति तथा वर्तमान वैश्विक भू-राजनीतिक घटनाक्रम के प्रभाव सहित संबंधित चुनौतियों की समीक्षा की। बयान में कहा गया कि निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2023 के दौरान रिजर्व बैंक के कामकाज पर भी चर्चा की और वित्त वर्ष 2022-23 के लिए रिजर्व बैंक की वार्षिक रिपोर्ट तथा खातों को मंजूरी दी। निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2023 के लिए केंद्र सरकार को 87,416 करोड़ रुपए अधिशेष हस्तांतरित करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी जबकि आकस्मिक जोखिम बफर 6 फीसदी रखने का निर्णय किया है। अर्थशास्त्रियों ने कहा कि ज्यादा अधिशेष हस्तांतरण मुख्य रूप से विदेशी मुद्रा भंडार बेचने की वजह से संभव हो पाया है।

## बंधन बैंक का चौथी तिमाही का मुनाफा घटकर 808 करोड़ पहुंचा

**नई दिल्ली ।** बंधन बैंक का मुनाफा मार्च 2023 को समाप्त तिमाही में 58 प्रतिशत घटकर 808 करोड़ रुपए रहा। कोलकाता स्थित निजी बैंक ने एक साल पहले इसी तिमाही में 1,902 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था। बंधन बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि तिमाही के दौरान बैंक की कुल आय एक साल पहले के 4,844 करोड़ रुपए से बढ़कर 4,897.38 करोड़ रुपए हो गई। बैंक के निदेशक मंडल ने 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए 10 रुपए के अंकित मूल्य वाले प्रत्येक शेयर पर 1.50 रुपए के लाभांश की सिफारिश की है। पूरे वित्त वर्ष 2022-23 में बैंक का मुनाफा घटकर 2,507 करोड़ रुपए रहा जो इससे पूर्व वित्त वर्ष में 3,457 करोड़ रुपए था।



## रूस का तेल एक्सपोर्ट रिकॉर्ड 83 लाख बैरल प्रतिदिन

**नई दिल्ली ।** इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार रूस ने तेल निर्यात के मामले में पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। 8300000 बैरल प्रतिदिन रूस ने तेल एक्सपोर्ट का एक इतिहास रच दिया है।पिछले साल फरवरी में यूक्रेन पर हमले के बाद का यह सबसे ज्यादा निर्यात है। पश्चिमी देशों ने रूस के ऊपर कई आर्थिक प्रतिबंध लगा रखे हैं। इसके बाद भी कई देश रूप से बड़े पैमाने पर तेल खरीद रहे हैं। रूस तेल का सबसे ज्यादा निर्यात भारत और चीन मे कर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार चीन की हिस्सेदारी तेल में 60 फ़ीसदी तक की हो सकती है। चीन की अर्थव्यवस्था धीमी गति से आगे बढ़ रही है। औद्योगिक उत्पादन और रिटेल खर्च के आंकड़े भी पूर्वानुमान की तुलना में काफी कम है। रूस ने तेल निर्यात के जरिए अपने ऊपर लगाए गए,आर्थिक प्रतिबंधों का मुकाबला किया जा रहा है।

## 31 मई तक मूंग की सरकारी खरीद के लिए पंजीयन

**भोपाल ।** मूंग की सरकारी खरीद के लिए किसानों को पंजीयन की अंतिम तारीख 31 मई तक के लिए बढ़ा दी गई है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर मूंग उत्पादक जिलों के किसानों की मांग पर यह निर्णय लिया गया है। पूर्व में राज्य सरकार ने 19 मई तक मूंग खरीदी के पंजीयन का निर्णय लिया था। इस तारीख को बढ़ाकर 31 मई कर दिया गया है। मध्यप्रदेश में मूंग का उत्पादन करने वाले 32 जिले हैं। जिसमें सबसे ज्यादा मूंग का उत्पादन नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, रायसेन, हरदा, सीहोर, जबलपुर,देवास, सागर और गुना में होता है। जिन किसानों ने अभी तक पोर्टल पर पंजीयन नहीं कराए हैं। वह 31 मई के पहले पंजीयन करा लें।

## आवक घटने से गेहूं 130 क्विंटल महंगा

**नई दिल्ली ।** मंडियों में गेहूं की आवक घटने के कारण,गेहूं के दामों में वृद्धि होने लगी है। कारोबारियों के अनुसार रु.130 प्रति क्विंटल तक की तेजी आ गई है। जो गेहूं बाजार में रु.2300 प्रति क्विंटल बिक रहा था। उसके दाम अब रु.2440 प्रति क्विंटल हो गए हैं। गेहूं की खरीद आटा मिलों और अन्य खरीदारों द्वारा बढ़ाए जाने और आवक कम होने से, गेहूं के दामों में तेजी देखने को मिल रही है। उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों की मंडियों में गेहूं की आवक कम होने का असर, दिल्ली की मंडी में पड़ा है। जिसके कारण दाम लगातार बढ़ रहे हैं। कारोबारियों के अनुसार यह तेजी आगे भी बनी रहेगी।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.5 अरब डॉलर बढ़ा

**मुंबई ।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार दूसरे सप्ताह में बढ़कर 600 अरब डॉलर के करीब पहुंच गया। 12 मई को समाप्त सप्ताह में यह भंडार 3.553 अरब डॉलर बढ़कर 599.529 अरब डॉलर पर पहुंच गया। यह विदेशी मुद्रा भंडार का जून, 2022 के शुरुआती सप्ताह के बाद का करीब एक साल का उच्च स्तर है। इससे पिछले सप्ताह में भंडार 7.19 अरब डॉलर बढ़कर 595.97 अरब डॉलर पहुंच गया था। अक्टूबर, 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। इसके बाद केंद्रीय बैंक के रुपए में गिरावट थामने के लिए मुद्रा भंडार के उपयोग से इसमें गिरावट आई। आरबीआई के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक 12 मई वाले सप्ताह में विदेशी मुद्रा संपत्ति 3.577 अरब डॉलर बढ़कर 529.598 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गई। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 3.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 46.353 अरब डॉलर पहुंच गया। हालांकि, विशेष निकासी अधिकार (एसडीआर) 3.5 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ 18.413 अरब डॉलर रह गया। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में रखा देश का मुद्रा भंडार 2.8 करोड़ डॉलर घटकर 5.16 अरब डॉलर रह गया।

## एयरलाइंस कंपनियां किराया बढ़ाते समय कीमतों में संतुलन बनाए रखेः केंद्र

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने एयरलाइन कंपनियों को हवाई टिकटों के दाम निर्धारित करते समय संयम बरतने और अधिकतम और न्यूनतम कीमतों में संतुलन बनाए रखने को कहा है। सरकार की सलाह ऐसे समय में आई है जब बजट एयरलाइन गो फर्स्ट की उड़ानें बंद होने के बाद कुछ रूट्स पर टिकटों के दाम बेतहाशा बढ़ गए हैं। हालांकि, सरकार ने साफ किया है कि हवाई टिकटों की कीमत को नियंत्रित करने का उसका कोई इरादा नहीं है। एक रिपोर्ट के मुताबिक नागरिक उड्डयन मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एयरलाइनों को टिकटों की कीमत तय करते वक्त संयम बरतने और किसी प्रकार का संतुलन बनाए रखने के लिए कहा गया है। अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि ऐसी स्थिति नहीं हो सकती है जहां सबसे कम और उच्चतम किराए के बीच एक बड़ा अंतर हो। नकदी की तंगी के बाद गोफर्स्ट ने 3 मई से फ्लाइट बंद कर दी थी जिन रूटों पर गोफर्स्ट संचालित हो रहा था, उनके हवाई किराए में भारी उछाल आया है। इन मार्गों में दिल्ली-श्रीनगर और दिल्ली-पुणे भी शामिल हैं।



# (शेयर बाजार साप्ताहिक समीक्षा) शेयर बाजारों में लगातार तीन दिन गिरावट रही

**मुंबई ।**

वैश्विक बाजारों से मिले खराब संकेतों की वजह से पिछले सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में लगातार तीन दिन मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को गिरावट रही। सप्ताह के ओखिरी दिन वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों और विदेशी पूंजी की आवक बने रहने के बीच दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बढ़त हासिल करने में सफल रहे। बाजार के विशेषज्ञों ने कहा कि किसी निर्णायक दिशा का अभाव होने पर भी घरेलू बाजार सकारात्मक दशा में बंद हुए। पिछले सप्ताह शेयर बाजार में लगातार तीन दिन गिरावट के साथ और दो दिन हल्की बढ़त के साथ बंद हुए। पिछले सप्ताह के पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो हफ्ते के पहले कारोबारी दिन शेयर बाजार की हल्की बढ़त के साथ शुरुआत हुई और बीएसई का सेंसेक्स 22.39 अंकों की बढ़त के साथ 62,050.29 पर खुला और 317.81 अंकों की बढ़त के साथ 62,345.71 पर बंद हुआ। जबकि निफ्टी 3.60 अंकों की बढ़त के साथ 18,318.40 पर खुला और 84.05 अंकों की उछाल के साथ 18,398.85 पर बंद हुआ। मंगलवार को सेंसेक्स 146.79 अंकों की गिरावट के साथ 62,198 पर खुला और 413.24 अंकों की गिरावट के साथ 61,932.47 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 32 अंकों की गिरावट दर्ज की गई और यह 18366 पर खुला और 112.35 अंक फिसलकर 18,286.50 पर बंद हुआ। बुधवार को सेंसेक्स 68.63 अंक फिसलकर 61,863.84 पर खुला और 413 अंक गिरकर 61,932 पर बंद हुआ। निफ्टी 3.30 अंक टूटकर 18,283.20 पर खुला और 112 अंक टूटकर 18,286 पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स 342.17 अंकों की बढ़त के साथ 61,902.81 पर खुला और 128.90 अंक फिसलकर 61,431.74 पर बंद हुआ। निफ्टी 91.45 अंक मजबूत होकर 18,276.70 पर खुला और 51.80 अंक टूटकर 18,129.95 पर बंद हुआ। शुक्रवार को सेंसेक्स 92.26 अंक (0.15 फीसदी) की बढ़त के साथ 61,524.00 पर खुला और 297.94 अंकों की बढ़त के साथ 61,729.68 पर बंद हुआ। निफ्टी 3.05 अंक की बढ़त के साथ 18,133.00 पर खुला और 73.45 अंक मजबूत होकर 18203.40 पर बंद हुआ।





# निसान कैसे बन गई पॉपुलर कारमेकर

## -बेहद रोचक है निसान का इतिहास

**नई दिल्ली ।**

सैन्य वाहन बनाने वाली कंपनी निसान कैसे बन गई पापुलर कार मेकर, आज हम आपको निसान कंपनी के बारे में बताने जा रहे हैं। जापान के इस टोक्यो बेस्ड कंपनी का अब तक का सफर कैसा रहा, आइए जान लेते हैं। निसान के इतिहास की बात करें तो 1 जून,1934 को टोक्यो स्थित जिदोशा-सीज़ो काबुशिकी-कैशा ने निसान मोटर कंपनी का नाम लिया था। जिदोशा-सीज़ो काबुशिकी-कैशा की स्थापना दिसंबर 1933 में हुई थी। कंपनी का नया नाम, जून 1934 में अपनाया गया था। निसान ने 1935 में अपने योकोहामा प्लांट में पहला वाहन निर्मित किया था। इसका नाम डैटसन है। डैटसन, जापानी ऑटोमोटिव पायनियर मासुजिरो हाशिमोटो द्वारा डिजाइन किया गया एक छोटा और बॉक्सी यात्री वाहन था। कंपनी ने वर्ष 1935 में ही ऑस्ट्रेलिया को कारों का निर्यात करना शुरू किया था। इसके बाद द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, निसान पूरी तरह से छोटी यात्री कारों के उत्पादन से ट्रकों और सैन्य वाहनों के उत्पादन में परिवर्तित हो गया। मित्र देशों की सेना ने 1945 में निसान के अधिकांश उत्पादन कार्यों को जब्त कर लिया था और एक दशक बाद तक निसान को पूर्ण नियंत्रण वापस नहीं किया था। इसके बाद 1960 में, निसान इंजीनियरिंग उत्कृष्टता के लिए डेमिंग पुरस्कार जीतने वाली पहली जापानी वाहन निर्माता कंपनी बनी।

ब्लूबर्ड (1959), सेड्रिक (1960) और सनी (1966) जैसे नए डैटसन मॉडल ने जापान और विदेशों में निसान की बिक्री बढ़ाने में मदद की और कंपनी ने 1960 के दशक के दौरान अभूतपूर्व सफलता हासिल की। निसान अब दुनिया भर के 17 देशों में कारोबार कर रही है। भारत में निसान के पास दो ब्रांड निसान और डैटसन का पोर्टफोलियो है। फरवरी 2008 में, निसान ने अपने वैश्विक गठबंधन सहयोगी रेनॉल्ट और तमिलनाडु सरकार के साथ चेन्नई के पास ओरागादम में 7 साल की अवधि में 45 अरब रुपये के निवेश के साथ एक मैनुफैक्चरिंग प्लांट स्थापित किया था।




## अप्रैल में कृषि श्रमिकों और ग्रामीण मजदूरों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति घटी

**नई दिल्ली ।** कृषि श्रमिकों एवं ग्रामीण मजदूरों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति मार्च की तुलना में अप्रैल में नरम पड़ते हुए क्रमशः 6.5 प्रतिशत और 6.52 प्रतिशत पर आ गई। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के श्रम ब्यूरो ने एक बयान में कहा` कि अप्रैल 2023 में कृषि श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 6.50 प्रतिशत रहा जबकि ग्रामीण मजदूरों के लिए यह 6.52 प्रतिशत रहा। मार्च में यह क्रमशः 7.01 प्रतिशत एवं 6.94 प्रतिशत रही थी। एक साल पहले अप्रैल 2022 में कृषि श्रमिकों एवं ग्रामीण मजदूरों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति क्रमशः 6.44 प्रतिशत एवं 6.67 प्रतिशत थी। इसी तरह अप्रैल 2023 में खाद्य मुद्रास्फीति भी कम होकर क्रमशः 6.67 प्रतिशत एवं 6.52 प्रतिशत पर आ गई जबकि मार्च में यह क्रमशः 7.12 प्रतिशत एवं 7.07 प्रतिशत थी। एक साल पहले अप्रैल 2022 में यह आंकड़ा क्रमशः 5.29 प्रतिशत एवं 5.35 प्रतिशत था। अप्रैल में कृषि श्रमिकों एवं ग्रामीण मजदूरों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक क्रमशः पांच एवं छह अंक बढ़कर 1,180 एवं 1,192 अंक हो गया। मार्च में इनका सूचकांक क्रमशः 1,175 और 1,186 अंक था। श्रम ब्यूरो ने कहा कि अप्रैल में दाल, दूध, सूखी मिर्च, लहसुन, अदरक, मसाले, चीनी, गुड़, सब्जियों एवं फलों के दाम में बढ़ोतरी देखी गई।

# टैक्स और राहत


अगर आप क्रेडिट या डेबिट कार्ड से विदेश पैसे भेज रहे हैं या विदेश में कहीं खर्च करने जा रहे हैं, तो आपको सजग हो जाना चाहिए। अभी उदारीकृत प्रेषण योजना (एलआरएस) के तहत कोई व्यक्ति तय सीमा में पैसे विदेश भेज सकता है या खर्च कर सकता है, अब बदलाव यह हुआ है कि इंटरनेशनल क्रेडिट या डेबिट कार्ड से किए जाने वाले बड़े खर्च को इस योजना के तहत कर दिया गया है। सरकार ने पहले जो फैसला लिया था, उसके अनुसार, कार्ड से विदेश पैसे भेजने या खर्च करने वालों को 20 प्रतिशत तक कर या टीसीएस (टैक्स कलेक्टेड ऐट सोर्स) चुकाना पड़ता, लेकिन विरोध व अनुरोध के बाद सरकार ने सात लाख रुपये तक टैक्स मुक्त खर्च की मंजूरी दे दी है। इससे सात लाख तक खर्च करने वालों को राहत का एहसास होगा, लेकिन इससे ज्यादा खर्च करने वालों को टैक्स चुकाना पड़ेगा। वैसे तो रिटर्न दाखिल करने पर यह पैसा वापस मिल जाएगा, पर बहुत सारे लोग देश में ऐसे हैं, जो विदेश में करोड़ों रुपये खर्च करते हैं, पर देश में न आयकर देते हैं और न रिटर्न फाइल करते हैं। ऐसे लोग क्रेडिट कार्ड के जरिये खर्च का लाभ उठा रहे हैं। निशाने पर शायद यही लोग हैं और सरकार इनसे 20 प्रतिशत टैक्स वसूल कर राजस्व जुटाना चाहती है। सरकार को लगता है कि नई टैक्स वसूली से केवल बेहद अमीर लोगों पर ही असर पड़ेगा, पर यह पूरा सच नहीं है। बड़ी संख्या में ऐसे लोग भी हैं, जो अपने बच्चों के लिए विदेश धन भेजते हैं। ऐसे लोग भी हैं, जो कड़ी मेहनत करके राशि बचाते हैं, ताकि कभी विदेश सफर पर जा सकें। नए टैक्स से ऐसे तमाम लोगों को अब सोचना पड़ेगा। क्या इस मानवीय पहलू पर सरकार ने पूरी तरह से विचार किया है? सरकार अपने नजरिये से तो टैक्स की छीजत रोकने के लिए प्रयासरत है, लेकिन क्या इस टैक्स के तमाम तकनीकी पहलुओं पर तार्किक ढंग से विचार कर लिया गया है? क्या इससे सरकार का राजस्व वाकई बढ़ जाएगा? क्या इससे बढ़ती टैक्स चोरी या हवाला जैसे स्याह कारोबार को बल नहीं मिलेगा? विदेश धन भेजने की योजना एलआरएस सुधारवादी है, जिसके तहत भारतीयों को एक तय सीमा तक विदेश में खर्च या निवेश करने की अनुमति पिछली सरकार के समय ही दी गई थी। प्रवासी भारतीयों या भारतवंशियों के लिए यह योजना हर तरह से अनुकूल है। हालांकि, अब न केवल कागजी कार्रवाई बढ़ने वाली है, बल्कि विदेश आने-जाने वालों की भी परेशानी बढ़ने वाली है। किसी चीज या लेन-देने की निगरानी का सही तरीका यह नहीं कि उस पर नया कर लगा दिया जाए। गौर करने की बात है कि क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल विगत वर्षों में आम लोगों के बीच भी बहुत बढ़ गया है। नीति के तहत ही क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया गया है और अब उसी पर लगाम की कोशिश विरोधाभास है। इससे कैशलेस लेन-देन को भी नुकसान पहुंचेगा। साल 2014 में भी भारतीय जनता पार्टी ने अपने चुनावी घोषणापत्र में कहा था कि वह कर आतंकवाद को खत्म करेगी। पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली ने भी यही दोहराया था। बेशक, यह ताजा

# विकास न बने विनाश का कारण

भले ही जलवायु परिवर्तन को लेकर दुनिया के देश लाख चिंता जता रहे हों। शिखर सम्मेलनों में नित नए प्रस्ताव पारित किए जा रहे हों। पर वास्तविकता तो यही है कि दुनिया के देश पिछले आठ साल से लगातार सबसे ज्यादा गर्मी से जूझते आ रहे हैं। पिछले सालों में ग्लेशियरों के पिघलने की रफ्तार जिस तरह से बढ़ रही है। जिस तरह से जंगलों में दावानल हो रहा है। जिस तरह से समुद्री तूफान, चक्रवात या सुनामियां आए दिन अपना असर दिखा रही हैं। वास्तव में यह अत्यधिक चिंता का विषय बनता जा रहा है। इस क्षेत्र में काम कर रहे विशेषज्ञों का तो यहां तक मानना है कि ग्लेशियर किनारे बसे शहरों के अस्तित्व का संकट भी मुंह बाये खड़ा दिखाई देने लगा है। हालांकि समय पर सूचनाओं और डिजास्टर मैनेजमेंट व्यवस्था में सुधार का यह तो असर साफ दिखने लगा है कि प्राकृतिक आपदाओं के चलते जनहानि तो न्यूनतम हो रही है पर जिस तरह से धन-हानि हो रही है और आधारभूत संरचना को नुकसान पहुंच रहा है वह भी अपने आप में गंभीर है। दरअसल प्रकृति प्रदत्त उपहारों का जिस तरह से अंधाधुंध दोहन किया गया है और जिस तरह से नित नई सुविधाओं के साइड इफेक्ट जब तक हमारे सामने आते हैं तब तक हम बहुत कुछ खो चुके होते हैं। अब ग्लेशियरों के किनारों तक पहुंच और फिर पिकनिक स्पॉट की तरह उनका उपयोग होने से केवल प्लास्टिक ही नहीं अन्य कारणों से बुरा असर पड़ा है। आज वैज्ञानिक मानने लगे हैं कि जिस तरह से जीवन को आसान बनाया गया है वे सभी कारण कार्बन उत्सर्जन या यों कहें कि प्रकृति को विकृत करने में सहायक रहे हैं। आज यह सामने आ रहा है कि संवाद के सामान्य साधन ई- मेल से ही कार्बन उत्सर्जन होने लगा है। फिर आसानी से कल्पना की जा सकती है कि हमारे एसी, हमारे रेफ्रिजरेटर, ओटीजी, ओवन, दैनिक उपभोग के इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद कितना अधिक प्रभावित कर रहे हैं। केमिकल फर्टिलाइजरों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग के कारण भूमि की प्रभावित होती उर्वरा शक्ति को हम अब समझ पा रहे हैं और एक बार वापस वैदिक खेती, या जैविक खेती या परंपरागत खेती की बात करने लगते हैं। यह तो एक इशारा मात्र है। आज जंगलों को वापस आबाद करने पर जोर दिया जाने लगा है।

# ज्ञान केवल सूचना नहीं होता

ANALYSIS



हृदयनारायण दीक्षित

भारत दुनिया का सबसे बड़ा प्राचीनतम जनतंत्र है। हम भारत के लोगों ने संसदीय जनतंत्र अपनाया है। यहां संविधान सर्वोच्च सत्ता है। संवैधानिक जनतंत्र के संचालन के लिए राजव्यवस्था में तीन प्रमुख संस्थाएं हैं। विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के कर्तव्य सुपरिभाषित हैं। विधायिका के समक्ष कार्यपालिका की जवाबदेही है। संविधान सभा की मसौदा समिति के सभापति डॉ. बीआर आम्बेडकर थे। मसौदा समिति की सिफारिशों पर संविधान सभा में लम्बी बहस हुई थी। डॉ. आम्बेडकर ने सभा में मसौदा प्रस्ताव रखा था। उन्होंने कार्यपालिका को विधायिका के प्रति जवाबदेह बनाया था। उन्होंने स्पष्ट किया था कि, 'यहां सरकार को विधायिका के समक्ष जवाबदेह बनाया गया है। सरकार की स्थिरता के बजाय जवाबदेही को महत्व दिया गया है।' संविधान सभा ने लम्बी बहस के बाद संसदीय जनतंत्र स्वीकार किया था। संसद और विधान मण्डलों को विधायी और संविधायी अधिकार मिले थे।

भाषा मानव जीवन की सर्वोत्तम उपलब्धि है। दुनिया के सभी समाजों के गठन में भाषा ही संवाद का माध्यम होती है। भाषा के प्रयोग का उद्देश्य संवाद होता है अपनी बात को समझाना होता है। भाषा वाक्यों से बनती है और वाक्य शब्दों से। शब्द भाषा के घटक होते हैं। प्रत्येक शब्द के भीतर उसका अर्थ छुपा होता है। पतंजलि ने महाभाष्य में बताया है, 'एक ही शब्द किसी वाक्य में विशेष स्थान में प्रयुक्त होकर भिन्न भिन्न अर्थ देता है। शब्द का सम्यक ज्ञान और सम्यक प्रयोग ही अपेक्षित परिणाम देता है। शब्द की शक्ति बड़ी होती है।' भारत लोकतंत्र के उद्भव का प्रथम स्थान है। यहां वैदिक काल में भी सभा और समितियां जैसी लोकतंत्री संस्थाएं थीं। सुंदर और सरल बोलना सभ्य होना था। सभ्य सभा के योग्य माने जाते थे। भारत दुनिया का सबसे बड़ा प्राचीनतम जनतंत्र है। हम भारत के लोगों ने संसदीय जनतंत्र अपनाया है। यहां संविधान सर्वोच्च सत्ता है। संवैधानिक जनतंत्र के संचालन के लिए राजव्यवस्था में तीन प्रमुख संस्थाएं हैं। विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के कर्तव्य सुपरिभाषित हैं। विधायिका के समक्ष कार्यपालिका की जवाबदेही है। संविधान सभा की मसौदा समिति के सभापति डॉ. बीआर आम्बेडकर थे। मसौदा समिति की सिफारिशों पर संविधान सभा में लम्बी बहस हुई थी। डॉ. आम्बेडकर ने सभा में मसौदा प्रस्ताव रखा था। उन्होंने कार्यपालिका को विधायिका के प्रति जवाबदेह बनाया था। उन्होंने स्पष्ट किया था कि, 'यहां सरकार को विधायिका के समक्ष जवाबदेह बनाया गया है। सरकार की स्थिरता के बजाय जवाबदेही को महत्व दिया गया है।' संविधान




सभा ने लम्बी बहस के बाद संसदीय जनतंत्र स्वीकार किया था। संसद और विधान मण्डलों को विधायी और संविधायी अधिकार मिले थे। विधि निर्माण, विधि संशोधन और संविधान संशोधन के लिए विधायिका को सशक्त किया गया था। विधि निर्माण में बहस होती है। वाद-विवाद होते हैं। इसके लिए सबको समझ में आने वाली भाषा का महत्व है। व्यवहारिक रूप में किसी भी विषय पर विधि निर्माण का प्रस्ताव कार्यपालिका करती है। निजी विधेयक भी रखे जाते हैं। वैसे विधि निर्माण का मसौदा कार्यपालिका द्वारा सदन में रखा जाता है। मसौदे की सरल भाषा से प्रस्तावित कानून की उपयोगिता और कमजोरी का ज्ञान सदन के सदस्यों के लिए सुविधाजनक होता है। कठिन भाषा विधि निर्माण के समय जटिल प्रश्न बनती है। सरल भाषा के अभाव में निर्मित विधि भी क्लिष्ट हो जाती है। यह प्रसन्नता का विषय है कि संसद व राज्य विधानसभाओं कार्यपालक मंत्रालयों, वैधानिक निकायों से सम्बंधित केंद्र और राज्यों के अधिकारियों के लिए विधायी मसौदा सम्बंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम का हाल ही में आयोजन हुआ है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि विधायी मसौदा लोकतांत्रिक देश के लिए महत्वपूर्ण है। इसलिए इसकी क्षमता और कार्यविधि में समयानुसार बदलाव और पुनर्विचार होते रहना चाहिए। तत्सम्बंधी क्षमता में लगातार बढ़ोतरी की आवश्यकता होती है। गतिशील राष्ट्र में जड़ता नहीं होती। देशकाल परिस्थिति के अनुसार नए कानूनों की आवश्यकता अनुभव की जाती है। इसी तरह काल वाह्य हो चुके कानूनों को निरस्त करने की आवश्यकता भी पड़ती है। मसौदा निर्माण का काम महत्वपूर्ण है। शाह ने कहा है कि सरकार का सबसे शक्तिशाली अंग विधायिका है। यह कानून बनाने की संस्था है। मसौदा निर्माण की दक्षता संसदीय कार्यवाही के श्रेष्ठ संचालन की महत्वपूर्ण विधा है। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विधि निर्माण, संशोधन और निरसन के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम हुआ है। सरकार ने हजारों कालवाह्य कानूनों को निरस्त किया है। इस तरह समाज व शासन को कालवाह्य कानूनों के जाल से मुक्त किया गया है। भारत के लोगों की इच्छा को कानून में व्यक्त करना महत्वपूर्ण काम है। इस लोक इच्छा में संस्कृति का ध्यान रखना महत्वपूर्ण होता है। भारत सांस्कृतिक राष्ट्र है। भारत की ऐतिहासिक परंपरा और संस्कृति का ध्यान रखना मसौदा बनाने वालों के लिए मार्गदर्शी तत्व है। संविधान सबका संरक्षक है। सारा विधि निर्माण और सरकारी काम काज संवैधानिक होता है। शाह ने कहा, 'शासन व्यवस्था के संचालन में देश के सामाजिक, आर्थिक विकास और अंतरराष्ट्रीय संधियों आदि का ध्यान रखना होता है।' शाह ने ठीक कहा है। राज्य के नीति निदेशक तत्वों (संविधान भाग 3) में महत्वपूर्ण मार्गदर्शी सिद्धांत, निस्संदेह किसी न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय नहीं हैं। फिर भी इनमें अभिकथित तत्व भारतीय शासन में मूल भूत हैं। विधि बनाने में इन तत्वों को लागू करना राज्य का कर्तव्य होगा। (अनु. 37) विधि निर्माण के कौशल में इसी दक्षता की अपरिहार्यता है। इसी तरह अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा की अभिवृद्धि, राष्ट्रों के बीच न्यायसंगत और सम्मानपूर्ण सम्बंधों को बनाए रखने, अंतर्राष्ट्रीय संधि और संधि बाध्यताओं के प्रति आदर बढ़ाने और अंतरराष्ट्रीय विवादों को मध्यस्थ द्वारा निपटारे के लिए प्रोत्साहन देने के तत्व भी महत्वपूर्ण है (अनु. 51) मूल कर्तव्य (अनु. 51 क) अतिरिक्त महत्वपूर्ण है। ऐसे सभी विषयों पर विधि का मसौदा बनाने वाले अधिकारियों को सभी जानकारियों से लैस होना चाहिए। यहां अर्जित जानकारी पर्याप्त नहीं है। अपनी जानकारी का सम्यक प्रयोग भी जरूरी है। पहले समझना और फिर समझे हुए को समझाना आसान नहीं है। दुर्भाग्य से देश में कानूनों की भाषा जटिल है। कानूनी दांव पेंच में वादकारियों और न्यायालयों का मूल्यवान समय लगता है। दोनों पक्षों के अधिवक्ता न्यायालयों में बहस करते हैं। वादी प्रतिवादी प्रायः नहीं जान पाते कि बहस के मूल तत्व क्या हैं? विधि निर्माण और विधि की भाषा सरल सुगम और सुबोध होनी चाहिए। भारतीय भाषाएं समृद्ध हैं। हमारी भाषाओं का शब्द भंडार बड़ा है। लेकिन जटिल शब्दों और वाक्यों के अनुवाद से ही सरलता नहीं आती। सामान्यतया अनुवाद पर्याप्त नहीं होता। अनुवाद की जगह पूरे मसौदे का भाव समझाना जरूरी होता है। हमारे संविधान निमार्ता सजग थे। उन्होंने संविधान में प्रयुक्त अनेक शब्दों विषयों की परिभाषाएं (अनु. 366) की है। कुछ उदाहरण मजेदार हैं। 'माल' सामान्य शब्द है। सहज समझ में आने वाला है। लेकिन संविधान (अनु. 366-12) में माल की परिभाषा है, 'माल के अंतर्गत सभी सामग्री वाणिज्य और वस्तुएं हैं।' अनु. 366-10 में विद्यमान विधि की भी परिभाषा है। रेल की परिभाषा भी है, ' रेल के अंतर्गत किसी नगर पालिका क्षेत्र में पूर्णतया स्थित संचार की ऐसी अन्य लाइन नहीं जिसकी बाबत संसद ने विधि द्वारा घोषित किया है कि वह रेल नहीं है।' लेकिन संविधान में साम्प्रदायिकता और अल्पसंख्यक की परिभाषा नहीं है। मसौदा लिखने वाले विद्वानों को विधि निर्माण के स्रोत परम्पराएं व राष्ट्रीय आवश्यकताएं भी ध्यान में रखनी होती हैं।

**(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

# एक विशिष्ट खलनायक अमरीश पुरी

अमरीश पुरी को हिंदी सिनेमा का एक विशिष्ट खलनायक कहा जा सकता है। विशिष्ट इस मायने में कि वे एकरेखीय खलनायक नहीं थे बल्कि ऐसे व्यक्ति थे जो अपनी आंखों, अपने हाव-भाव और आवाज से दुष्टता को संतुलित करते थे और पर्दे पर अपनी एक अलग छाप छोड़ते थे। यही कारण था कि एक समय वे सबसे ज्यादा पैसे पाने वाले खलनायक थे । 22 जून, 1932 को पंजाब के गांव नौशहर जालंधर में जन्मे अम्बरीश उर्फ अमरीश ने बहुत देर से यानी 40 वर्ष की उम्र में फिल्मों में प्रवेश किया, हालांकि उनसे बड़े दो भाई मदन पुरी और चमन पुरी पहले से ही फिल्मों में काम कर रहे थे और अपनी पहचान बना चुके थे। उनको इसमें सहायता उनके चचेरे भाई कुंदन लाल सहगल जो कि प्रख्यात गायक और अभिनेता थे ने की थी। अमरीश पुरी का बचपन शिमला, दिल्ली और नौशहर में बीता। 1942 में वह शिमला में डीएवी स्कूल में पढ़ रहे थे। कंजी आंखों और गोल मटोल होने के कारण बच्चे उन्हें मोटा बिल्ला कहकर चिढ़ाते थे। इंटर की पढ़ाई उन्होंने होशियारपुर से पूरी की और बीए शिमला से 1952 में पूरा किया। कॉलेज में वे बांसुरी बजाते नाटकों और खेलों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते। 1953 के अंत में वह नौकरी की तलाश में अपने भाई मदन पुरी के पास बॉम्बे (अब मुंबई) पहुंचे। मदन पुरी ने उनका पोर्टफोलियो तैयार कराया जिसे लेकर वे अनेक निमार्ता-निर्देशकों से मिले लेकिन उनके कठोर चेहरे और उम्र से बड़े लगने के कारण किसी ने भी उन्हें हीरो बनाने लायक नहीं समझा। निराश अमरीश पुरी ने ईएसआईसी में क्लर्क की नौकरी कर ली और आकाशवाणी में ए श्रेणी के कलाकार के रूप में अपनी सेवाएं देने लगे। ईएसआईसी में उन्हें अपनी सहकर्मी उर्मिला से प्यार हुआ जो 5 साल तक चला। जनवरी 1959 में परिवार के विरोध और बाद में सहमति पर उन्होंने उनसे विवाह कर लिया। फिल्में उनके जीवन से दूर जा चुकी थीं। लेकिन कुछ कलात्मक करने की उनकी इच्छा अभी मरी नहीं थी। अक्टूबर 1961 में अपने दोस्त के कहने पर वे इब्राहम अलका जी से रंगमंच प्रशिक्षण के सिलसिले में मिले । उनकी अच्छी कद काठी और गहरी आवाज के चलते उन्हें तुरंत आर्थर मिलर के नाटक ए व्यू फ्रॉम द ब्रिज के मुख्य नायक एडी कार्बन की भूमिका दे दी गई और इस तरह नाटकों में उनके अभिनय का सिलसिला दोबारा चल पड़ा। इसी दौरान सत्यदेव दुबे से उनका परिचय हुआ और आगे चलकर गहरी दोस्ती में बदल गया। उन्होंने उनसे रंगमंच के हर शिल्प को बहुत गहराई से जाना समझा। इन कुछ ही वर्षों में वे बंबई के महत्वपूर्ण निर्देशकों के साथ लोकप्रिय भूमिकाएं करके अच्छी खासी प्रसिद्धि पा चुके थे। वैसे भी यह काल हिंदी नाटकों का स्वर्णकाल था। सही मायनों में उनकी पहली फिल्म रेशमा और शेरा थी जिसमें उन्होंने बूढ़े मुस्लिम पात्र रहमत खान की भूमिका की थी। हालांकि इससे पहले वह देवानंद की फिल्म प्रेम पुजारी में एक छोटा रोल लंदन जाने के लालच में कर चुके थे लेकिन बाद में उसे मुंबई में ही फिल्माया गया था। इस बीच उनके एक अन्य थियेटर गुरु पीडी शिनॉय ने उन्हें अपनी फिल्म सोने के हाथ जिसमें संजय खान बबीता थे में खलनायक का रोल कराया। यह भी रेशमा और शेरा के साथ 1971 में प्रदर्शित हुई और फ्लॉप हो गई। इधर गिरीश कर्नाड ने अपनी कन्नड़ फिल्म काडू में मुख्य भूमिका के लिए उन्हें चुना। इस फिल्म को कई पुरस्कार मिले और उनके काम पर अन्य गंभीर निर्देशकों की नजर पड़ी । श्याम बेनेगल ने उन्हें निशांत में काम दिया। आगे तो उन्होंने उनकी लगभग सभी फिल्मों-मंथन, भूमिका ,मंडी, सूरज का सातवां घोड़ा, कलयुग और जुबेदा में काम किया। यह काल समांतर सिनेमा या कला सिनेमा का भी था जहां रंगमंच से प्राप्त उनकी अभिनय प्रतिभा का सही और बेहतर इस्तेमाल हुआ। वैसे भी अब तक कला और व्यावसायिक फिल्मों के बीच बहुत ज्यादा अंतर नहीं होता था। गोविंद निहलानी की फिल्में इस श्रेणी की ही थी जैसे आक्रोश, अर्धसत्य और विजेता आदि। 1979- 80 तक आते-आते उनके पैर बंबई में जम गए थे। इस समय उनके पास 23 फिल्में थी और अब वे हर दिन दो-तीन शिफ्टों में काम कर रहे थे। खलनायक के रूप में बड़ी कमर्शियल सफलता उन्हें 1980 में फिरोज खान की फिल्म कुबार्नी से मिली । इसके बाद तो हम पांच, दोस्ताना, नसीब, विधाता, अंधा कानून, हीरो, मशाल, मेरी जंग तेरी मेहरबानियां नगीना, लोहा तक वे एक लोकप्रिय और श्रेष्ठ खलनायक के रूप में अपनी पहचान बना चुके थे। इस पहचान का चरम 1987 में आई उनकी फिल्म मिस्टर इंडिया रही, जिसमें उन्होंने मोगांबों नाम का एक करैक्टर किया था। उसका डायलॉग मोगांबों खुश हुआ ऐसा पॉपुलर हुआ कि बच्चे-बच्चे की जुबान पर चढ़ गया । उसके बाद तो उन्होंने 250 से ज्यादा फिल्मों में खलनायक की भूमिका निभाई। इस बीच उन्होंने कुछ अलग फिल्में जैसे मुस्कुराहट, दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे, विरासत ,परदेस ,चाची 420, झूठ बोले कौवा काटे, चाइना गेट शरारत आदि की जिनसे उनका अभिनय व्यक्तित्व और निखारा। उन्होंने कई विदेशी फिल्मों मैं भी उल्लेखनीय काम किया। खलनायकी को नए आयाम देने वाला यह अनोखा कलाकार तीन सौ से ज्यादा फिल्मों की सौगात देकर 12 जनवरी 2005 को हमसे जुदा हो गया। थियेटर के दौरान अमरीश पुरी ने अपने ऑफिस से लोन लेकर एक मोटरसाइकिल खरीदी और इसमें उन्होंने विशेष रूप से एक साइड कार भी लगवाई जिससे वे अपने साथ काम कर रही अपनी अभिनेत्रियों को साथ ला ले जा सके। उनकी देखा-देखी सत्यदेव दुबे ने भी एक लेंब्रेटा स्कूटर खरीदा और उसमें साइड कार भी लगवाई जिससे वे अपनी हीरोइनों को साथ लाने का सुंदर सपना पूरा कर सकें,लेकिन पहले दिन ही रास्ते में एक्सीडेंट हो गया और फिर उन्होंने उसे कभी हाथ नहीं लगाया। फिर इसका फायदा अभिनेता अमोल पालेकर ने उठाया।

## Social Media Corner

सच के हक में...



'मल्टीपल क्राइसिस को संबोधित करने के लिए एक साथ काम करना' पर सत्र में अपने विचार साझा किए। हमारे लिए यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने ग्रह की बेहतरी के लिए मिलकर काम करें और स्वास्थ्य सेवा, कल्याण, खाद्य सुरक्षा और अन्य क्षेत्रों से संबंधित चुनौतियों का सामना करें।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मादी के ट्विटर अकाउंट से)**



झारखंड में घुसपैठ की समस्या बहुत विकराल रूप ले रही है।संताल परगना के पूरे इलाके में जनसांख्यिकी परिवर्तन हो रहा है।बांग्लादेशी घुसपैठियों को स्थानीय निवासी बनाया जा रहा है।इस कारण संताल, पहाड़िया आदिवासियों के अस्तित्व पर गहरा संकट मंडरा रहा है। अपने राजनीतिक हितों को राष्ट्र और अपने जाति-समाज की सुरक्षा से भी ऊपर रखने वाले लोग याद रखें, भाजपा के सत्ता में आते ही चुन चुनकर बांग्लादेशी घुसपैठियों को सीमा के बाहर किया जाएगा।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# भारत में दरिद्रनाथ की सेवा और सम्मान

श्रीमती सुधा नारायणमूर्ति की शख्सियत से कोई बिना प्रभावित हुए नहीं रह सकता। उन्होंने अपने पति एन. नारायणमूर्ति को कंपनी खोलने के लिए अपने प्रिय गहने तक बेच डाले थे। उन्होंने पति को पैसे देकर उन्हें प्रेरित किया कि वे अपने हिस्से के आकाश को छू लें। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की सास सुधा मूर्ति जब कोई बात कहती हैं तो उसके पीछे उनके जीवन भर का अनुभव और दर्शन छिपा होता। उन्होंने कुछ दिन पहले एक टीवी के कार्यक्रम में उन लोगों को प्यार-प्यार में कसा, जिनके लिए जीवन में पैसा ही सब कुछ होता है। इस तरह के लोग पैसे के आगे शेष सभी चीजों को गौण ही मानते हैं। ये उन स्त्रियों को भी दोयम दर्जे का ही मानते हैं जो साड़ी या सलवार-कमीज पहनती हैं। सुधा जी ने इस बाबत अपने साथ घटी एक सच्ची घटना को भी सुनाया। दरअसल पैसा कमाने में कुछ भी गलत नहीं है। अब लोग पैसा कमा भी बहुत रहे हैं। भारत में ही तमाम नए-नए अरब पति सामने आ रहे हैं। इनकी संख्या हर वर्ष तेजी से बढ़ती ही चली जा रही है। पर सिर्फ किसी को इसलिए आदर्श या नायक तो नहीं माना जा सकता न , क्योंकि, उसने खूब सारा धन कमा लिया है। हां, लेकिन, धन कमाकर उसका समाज और देश के लिए उपयोग किया जाना सबसे अहम जरूर माना जा सकता है। सुधा मूर्ति अपने धन को सैकड़ों करोड़ रुपये के घरों के निर्माण में नहीं फूंकतीं। वे दसियों कारें नहीं रखतीं । उनके लिए ज्ञान और छपे हुए शब्दों का विशेष महत्व है। हो सकता है कि आपने जितेन्द्र सिंह शंटी का नाम न सुना हो। पर वे किसी फरिश्ते से कम नहीं हैं। वे करोड़ोंपति भी नहीं हैं। उन्होंने कोरोना की दूसरी लहर के समय कोरोना रोगियों को बेड दिलवाने में दिन-रात एक कर दिया। शंटी गुजरे 30 सालों से राजधानी और इसके आसपास के शहरों में लावरिस शवों का अंतिम संस्कार करवा रहे हैं। शंटी ने अब तक 100 से अधिक बार रक्तदान करके एक कीर्तिमान भी बनाया है। पिछले चार दशक से भी अधिक समय से राजधानी के राम मनोहर लोहिया अस्पताल (आरएमएल) से जुड़े डॉ. राजीव सूद की अगुवाई में कोरोना की पहली और दूसरी लहर में उनके अस्पताल ने हजारों कोरोना रोगियों का इलाज करके घर भेजा था। इस क्रम में वे खुद भी कोरोना की चपेट में आ गए थे। एक बार ठीक हुए तो फिर से लग गए थे मरीजों का इलाज करने में। उस कठिन काल में यहां जो कोई भी आया उसे सेहमतमंद करने के लिए आरएलएम के डॉक्टरों और नर्सों ने अपनी जान लगा दी थी। वे अपने को क्रेडिट देने से बचते हैं। सिर्फ इतना कहते हैं कि हमने जो किया वह हमारा फर्ज था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के 100 करोड़ कोरोना टीकों के लक्ष्य को हासिल करने के दौरान आरएमएल पहुंचे थे। उन्होंने तब यहां डॉ.राजीव सूद और बाकी कोरोना वारियर्स से मुलाकात भी की थी। शंटी और डॉ. सूद का तो हमने यहां पर उदाहरण दे दिया। ये कोई करोड़पति नहीं हैं। इन दोनों की तरह से देशभर में सैकड़ों लोग निस्वार्थ भाव से काम कर रहे हैं। ये तब भी सक्रिय थे जब सारा देश कोरोना के कारण त्राहि-त्राहि कर रहा था। ये अब भी एक्टिव हैं। पर इन्हें पहचान नहीं मिलती जिसके ये हकदार हैं। दरअसल देश-दुनिया में आर्थिक उदारीकरण के बाद पैसे का महत्व बढ़ता ही जा रहा है। पैसा जरूरी है। इससे कोई इंकार नहीं कर सकता। पर क्या पैसा मनुष्यता से भी बड़ा हो गया नहीं न। मैं बहुत सारे धनकुबेरों को जानता हूं जो लोक कल्याण कार्यों में अठन्नी भी नहीं देते। उन्हें तो सिर्फ अपने से सरोकार है। वे सपरिवार किसी रेस्तरां में बैठकर डिनर करने में हजारों रुपये खर्च कर देते हैं। पर वे अपने आसपास की किसी लाइब्रेरी को पचास रुपये भी दान नहीं देते। ये निर्धन परिवारों के बच्चों को किताबें मुफ्त देने की भी जरूरत महसूस नहीं करते।

# बेहतरी के लिए बदलाव

न्यायपालिका के साथ सरकार के टकराव को और आगे न बढ़ाने के लिए, अपने कार्यकाल के अंतिम साल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विधि एवं न्याय मंत्री मंत्री किरेन रिजिजू को पद से हटाने के कदम को समझना मुश्किल नहीं है। श्री रिजिजू का तबादला पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में करने और श्री अर्जुन राम मेघवाल को स्वतंत्र प्रभार के साथ कानून मंत्रालय में राज्यमंत्री के रूप में चुनने के पीछे और भी वजहें हो सकती हैं, लेकिन सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के खिलाफ बयानबाजी के जरिए श्री रिजिजू के लगातार टकराव की प्रवृति से उपजे हालात को शांत करने की इच्छा, एक बड़ी वजह है। भले ही, कॉलेजियम की कुछ सिफारिशों को सरकार ने ठंडे बस्ते में डाल दिया और कुछ में देरी की, लेकिन फरवरी के बाद से सुप्रीम कोर्ट सहित कई जगहों पर काफी नियुक्तियां हुई हैं। यह दिखाता है कि कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच तनातनी की वजह से जमी बर्फ कुछ हद तक पिघली है। नियुक्तियों की कॉलेजियम प्रणाली को कई लोग वाकई त्रुटिपूर्ण मानते हैं और उनका मानना है कि इसमें सुधार की जरूरत है, लेकिन इसकी मुखर आलोचना करते हुए श्री रिजिजू ने असामान्य रूप से तीखी प्रतिक्रिया जाहिर की। यह एक ऐसे ओहदे वाले व्यक्ति के लिए उपयुक्त नहीं थी जिन्हें सर्वोच्च अदालत के लोगों के साथ नियमित रूप से संपर्क में रहना पड़ता है। उन्होंने एक बार कुछ सेवानिवृत्त न्यायाधीशों पर भारत विरोधी गिरोह होने का आरोप लगाया और कहा कि वे न्यायपालिका को विपक्षी दल की भूमिका निभाने के लिए इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे थे। एक अन्य उदाहरण में, उन्होंने कॉलेजियम द्वारा कुछ गुप्त सूचनाओं को सार्वजनिक करने पर चिंता व्यक्त की। यह सूचना उन्हीं नियुक्ति के बारे में थी जिनके अनुशंसित उम्मीदवारों को सरकार ने अनुपयुक्त करार दिया था।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PRIVATE LIMITED, Kathitand, Near Tender Bagicha, P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001.Editor-Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# प्लेऑफ में पहुंचने आज आरसीबी को देनी होगी गुजरात टाइटंस को पटखनी

### –मौसम विभाग में बारिश का जताया पूर्वानुमान

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए बेताब रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम जानती है कि गुजरात टाइटंस के खिलाफ रविवार को आईपीएल के आखिरी लीग मैच में जीत दर्ज करने के लिए टीम को क्या करने की जरूरत है। विराट कोहली फिर से अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में लौट आए हैं, जबकि कप्तान फाफ डुप्लेसी अभी तक 600 से अधिक रन बनाकर आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं। आरसीबी की टीम बेहतर नेट रन रेट के कारण मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स से आगे चौथे स्थान पर है। इन तीनों टीमों के समान 14 अंक हैं। मुंबई को एक अन्य मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना करना है और उसके पास भी आरसीबी की तरह अपने अंकों की संख्या 16 तक पहुंचाने का मौका है। आरसीबी को अपने घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा तब मिलेगा ही साथ ही आरसीबी को तब तक मुंबई और सनराइजर्स के बीच दोपहर में होने वाले मैच का परिणाम भी पता चल जाएगा। वहीं हार्दिक पंड्या की अगुवाई में गुजरात ने अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है और उसकी टीम लगातार दूसरे साल खिताब जीतने की दौड़ में आगे बनी हुई है। गुजरात की टीम 13 मैचों में 18 अंक लेकर लीग चरण में अपना पहला स्थान सुनिश्चित कर चुकी है। आरसीबी और गुजरात टाइटंस दोनों ही बड़ी जीत दर्ज करने के बाद मैच में उतरने की तैयारी में हैं। गुजरात ने जहां सनराइजर्स को 34 रन से हराया वहीं आरसीबी ने सनराइजर्स पर आठ विकेट से जीत दर्ज की। इस मैच में कोहली ने शतक जमाया जो उनका आईपीएल में कुल मिलाकर छठा शतक था। कोहली और उनके सलामी जोड़ीदार डुप्लेसी ने उस मैच में शानदार प्रदर्शन किया था और टीम उससे प्रेरणा लेने की कोशिश करेगी। लेकिन गुजरात के खिलाफ मैच आसान नहीं होगा जिसकी टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है।

यह देखना दिलचस्प होगा कि इस मजबूत टीम के खिलाफ कोहली, डुप्लेसी



और ग्लेन मैक्सवेल कैसा प्रदर्शन करते हैं। आरसीबी के लिए सबसे बड़ी चिंता कोहली, डुप्लेसी और मैक्सवेल पर जरूरत से ज्यादा निर्भरता होना है। यदि गुजरात की टीम शुरू में विकेट लेने में सफल रहती है, तब आरसीबी की मुश्किलें बढ़ेगी। गेंदबाजी में मोहम्मद सिराज और वायने पर्नेल आरसीबी के लिए अच्छी भूमिका निभा रहे हैं लेकिन उनका सामना बेहतरीन फॉर्म में चल रहे शुभमन गिल, रिद्धिमान साहा, डेविड मिलर, राहुल तेवतिया और कप्तान पंड्या से होगा। अनुभवी मोहम्मद शमी, राशिद खान और मोहित शर्मा की मौजूदगी में गुजरात टाइटंस का आक्रमण बेहद तगड़ा है। वहीं मौसम की बात करें तब बारिश की संभावना बताई गई है, जो कि आरसीबी के लिए अच्छी खबर नहीं होगी।

**दोनों ही टीमें इस प्रकार हैं-**

**रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर का स्क्वॉड:** फाफ डुप्लेसी (कप्तान), आकाश दीप, फिन एलेन, अनुज रावत, अविनाश सिंह, मनोज भांडगे, माइकल ब्रेसवेल, वानिंदु हसरंगा, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), सिद्धार्थ कौल, विराट कोहली, महिपाल लोमरोर, ग्लेन मैक्सवेल, मोहम्मद सिराज, वेन पार्नेल, हर्षल पटेल, सुयश प्रभुदेसाई, राजन कुमार, शाहबाज अहमद, कर्ण शर्मा, हिमांशु शर्मा, सोनू यादव, विजयकुमार वैशाक, केदार जाधव

**गुजरात टाइटंस का स्क्वॉड:** हार्दिक पंड्या (कप्तान), शुभमन गिल, डेविड मिलर, अभिनव मनोहर, साई सुदर्शन, रिद्धिमान साहा, मैथ्यू वेड, राशिद खान, राहुल तेवतिया, विजय शंकर, मोहम्मद शमी, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, प्रदीप सांगवान, दर्शन नलकंडे, जयंत यादव, आर. साई किशोर, नूर अहमद, दासुन शनाका, ओडियन स्मिथ, केएस भरत, शिवम मावी, उर्विल पटेल, जोशुआ लिटिल और मोहित शर्मा

# चेन्नई ने प्लेऑफ में पक्की की अपनी जगह, एकतरफा मुकाबले में दिल्ली को 77 रनों से हराया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2023 के लीग मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स को कितने रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स ने 223 रन बनाए थे। जीत के लिए दिल्ली को 224 रन बनाने थे। लेकिन दिल्ली की टीम 9 विकेट पर 146 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ ही चेन्नई ने प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली है। चेन्नई फिलहाल 17 अंकों के साथ पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर है। प्लेऑफ की दो अन्य टीमों के लिए सबकी निगाहें लखनऊ सुपरजाइंट्स रॉयल, चैलेंजर्स बेंगलुरु और राजस्थान रॉयल्स के अलावा मुंबई इंडियंस पर भी होगी। आज के मुकाबले की बात करें तो 224 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की टीम को 5 रन के स्कोर पर ही पहला झटका लगा। 26 के स्कोर पर दिल्ली के तीन विकेट गिर चुके थे। हालांकि, कप्तान डेविड वार्नर एक तरफ से विकेट को संभाले रखा। उन्होंने ताबड़तोड़ 57 गेंदों में 86 रनों की पारी खेली जिसमें 7 चौके और 5 छक्के शामिल थे। इसके अलावा दिल्ली का कोई भी बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सका। चेन्नई की ओर से आज भी दीपक चहर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 22 रन देकर तीन सफलताएं हासिल की। वहीं, तुषार देशपांडे को एक और पथिराणा को भी एक सफलता मिली।

रूतुराज गायकवाड़ और डेवोन कोंवे के बीच पहले विकेट के लिये 87 गेंद में 141 रन की साझेदारी की मदद से चेन्नई सुपर किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के आखिरी लीग मैच में शनिवार को तीन विकेट पर 223 रन बनाये। चेन्नई के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया जो उनके सलामी बल्लेबाजों ने सही साबित कर दिखाया। दोनों ने दिल्ली के किसी गेंदबाज को नहीं बख्शा और पहले ही ओवर से तेजी से रन बनाने का सिलसिला शुरू किया। गायकवाड़ 50 गेंद में तीन चौकों और सात छक्कों की मदद से 79 रन बनाकर आउट हुए जबकि कोंवे ने 52 गेंद में 87 रन की पारी खेली जिसमें 11 चौके और तीन छक्के शामिल थे। 13 मैचों में 15 अंक के साथ दूसरे स्थान पर काबिज चेन्नई को प्लेआफ में पहुंचने के लिये यह मैच जीतना है जबकि दिल्ली पहले ही प्लेआफ की दौड़ से बाहर है। धोनी के आखिरी आईपीएल की अटकलों के बीच उन्हें खेलते देखने के लिये मैदान में भारी संख्या में पीली जर्सी पहने दर्शक जुटे। दोपहर का मैच और गर्मी के बावजूद दर्शकों के उत्साह में कोई कमी नहीं थी और चेन्नई के बल्लेबाजों के हर शॉट पर स्टेडियम शोर से गूंज उठता।

दूसरे ओवर में गायकवाड़ ने ललित यादव को चौका और कोंवे ने छक्का लगाकर 13 रन ले डाले। अनुभवी स्पिनर अक्षर पटेल का स्वागत गायकवाड़ ने चौथे ओवर में छक्के के साथ ही किया। चेतन सकारिया ने हालांकि छठे ओवर में सिर्फ दो रन ही दिये और पावरप्ले के छह ओवर में चेन्नई का स्कोर बिना किसी नुकसान के 52 रन था। चेन्नई के सौ रन 68 गेंद में बने और गायकवाड़ ने 12वें ओवर में कुलदीप यादव को लगातार तीन छक्के जड़कर इस आंकड़े को छुआ। इस ओवर में 20 रन बने। खलील अहमद 14वें ओवर में गेंदबाजी के लिये लौटे और कोंवे ने उन्हें डीप मिडविकेट पर छक्का जड़कर अपना अर्धशतक पूरा किया।

# भज्जी ने बताया, रसेल का युग चला गया, अब रिंकू केकेआर के लिए एक्सफैक्टर

**मुम्बई (एजेंसी)।** आईपीएल 2023 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बल्लेबाज रिंकू सिंह ने धमाकेदार प्रदर्शन कर हर किसी का ध्यान खींचा है। इसकारण कई पूर्व दिग्गजों द्वारा रिंकू को टीम इंडिया में शामिल करने की मांग उठा रहे है। वहीं केकेआर अब इस सीजन का अपना आखिरी लीग मैच लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ भिड़ने को तैयार है। इस मुकाबले में फिर फैंस को रिंकू से बड़ी उम्मीदें हैं। लेकिन एक समय था जब आंद्रे रसेल केकेआर के लिए चर्चा में रहते थे। लेकिन अब रिंकू नाम छाया हुआ है। वहीं क्रिकेटर से कमेंटेटर बने हरभजन सिंह ने भी माना कि अब रिंकू केकेआर के लिए एक्स-फैक्टर है, जबकि रसेल का टाइम चला गया है।

भज्जी ने कहा, अब रिंकू केकेआर के लिए एक्स-फैक्टर बन गया है, रसेल नहीं। रसेल का युग चला गया है। अब रिंकू का समय है। यहां तक कि अगर रिंकू को ऊपर भेजा जाता है, तब वह अपनी भूमिका दे सकता है। वह अलग क्षमता का खिलाड़ी है और हम जल्द ही उसके सिर पर भारत की टोपी देख सकते हैं। रिंकू सिंह का बल्ला इस बार जमकर चला हैं। उन्होंने 13 मुकाबले खेलकर 407 रन बनाए, जिसमें 3 अर्धशतक शामिल रहे। उन्होंने 25 चौके तब 25 ही छक्के जमाए हैं। रिंकू ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ लीग के एक मुकाबले में आखिरी ओवर में लगातार 5 छक्के लगाकर अपनी टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई थी।

वहीं केकेआर हालांकि प्लेऑफ में जाने से चूक गया। उसके 13 मैचों मैचों में 12 अंक हैं। अगर वह अपना आखिरी मैच लखनऊ के खिलाफ जीत भी जाते हैं, तब फिर दूसरी टीमों के नतीजों पर उन्हें निर्भर रहना होगा। लेकिन टीम का नेट रन रेट फिलहाल -0.256 है, जिस कारण टीम को ना सिर्फ बड़ी जीत दर्ज करनी होगी, बल्कि आरसीबी, मुंबई की भी बड़ी हार की उम्मीद रखनी होगी।

# आज सनराइजर्स हैदराबाद को बड़े अंतर से हराने उतरेगी मुंबई इंडियस

### –टीम प्लेऑफ में पहुंचने के लिए आज की जीत जरुरी

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई (ईएमएस)। पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस की टीम प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को मजबूत करने रविवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बड़ी जीत हासिल करने की कोशिश करेगी, जो उसका आईपीएल 2023 के वर्तमान सत्र में अंतिम मैच भी हो सकता है। सनराइजर्स की टीम प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है लेकिन मुंबई के पास अभी मौका है और वह इसका फायदा उठाने के लिए बेताब है। मुंबई ने वानखेड़े स्टेडियम में अपने घरेलू मैदान में अच्छा प्रदर्शन किया है। मुंबई ने यहां अभी तक चार मैच जीते जबकि दो मैचों में रोहित की टीम को हार का सामना करना पड़ा। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम घरेलू परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगी। यह उसके पास अपना नेट रन रेट सुधारने का भी अंतिम मौका होगा।

मुंबई के अभी 13 मैचों में 14 अंक हैं, इसके बाद मुंबई को बड़े अंतर से जीत दर्ज करने की जरूरत है, क्योंकि एक अन्य टीम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के पास भी 16 अंक तक पहुंचने का मौका है। आरबीसी का नेट रन रेट मुंबई से बेहतर है। अभी तीन टीमों के समान 14 अंक हैं। इसमें राजस्थान रॉयल्स अपने सभी मैच खेल चुका है, लेकिन उसका नेट रन रेट मुंबई से बेहतर है। आरसीबी इन तीनों टीमें बेहतर नेट रन रेट के कारण



चौथे स्थान पर है।

यदि मुंबई मैच में जीत दर्ज कर लेता है, और आरसीबी एक अन्य मैच में गुजरात टाइटंस से हार जाता है, तब फिर मुंबई की टीम प्लेऑफ में पहुंच जाएगी लेकिन अगर यह दोनों टीमें जीत हासिल करती हैं तब बेहतर नेट रन रेट वाली टीम आगे बढ़ेगी। मुंबई को अगर अगले दौर में पहुंचना है तब उस पिछले मैच की तरह मौका नहीं गंवाना होगा जब उसकी टीम लखनऊ सुपरजाइंट्स से पांच रन से हार गई थी जिसके कारण वह दो महत्वपूर्ण अंक हासिल करने से चूक गया था। अपने घरेलू मैदान पर मुंबई की सबसे बड़ी चिंता गेंदबाजी को लेकर है, क्योंकि उसके खिलाफ लगातार चार मैचों में 200 से अधिक रन बने। मुंबई ने डेथ ओवरों में खराब गेंदबाजी के कारण कई अवसरों पर मैच पर से अपना नियंत्रण गंवाया।

रोहित के अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं होने के बावजूद सूर्यकुमार यादव, टिम डेविड, कैमरन ग्रीन, ईशान किशन और नेहल बढेरा की शानदार बल्लेबाजी से टीम ने खुद को प्लेऑफ की दौड़ में बनाए रखा। ये सभी बल्लेबाज सनराइजर्स के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन करने में कोई कसर नहीं छोड़ने वाले हैं। जहां तक सनराइजर्स की बात है, तब उसके पास गंवाने के लिए कुछ भी नहीं है और वह जीत के साथ अपने अभियान का अंत करने की कोशिश करेगा। आरसीबी के खिलाफ पिछले मैच में हेनरिक क्लासेन के शतक के बावजूद टीम को हार का सामना करना पड़ा था।

**टीम इस प्रकार हैं:**

**मुंबई इंडियंस:** रोहित शर्मा (कप्तान), क्रिस जॉर्डन, अरशद खान, जेसन बेहरेनडॉर्फ, डेवाल्ड ब्रेविस, पीयूष चावला, टिम डेविड, राघव गोयल, कैमरन ग्रीन, इशान किशन (विकेटकीपर), डुआन जानसेन, क्रिस जॉर्डन, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल , रिले मेरेडिथ, शम्स मुलानी, रमनदीप सिंह, संदीप वारियर, ऋतिक शौकीन, ट्रिस्टन स्टब्स, अर्जुन तेंदुलकर, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, सूर्यकुमार यादव।

सनराइजर्स हैदराबाद: एडेन मार्कराम (कप्तान), अब्दुल समद, राहुल त्रिपाठी, ग्लेन फिलिप्स, अभिषेक शर्मा, मार्को यानसन, फजलहक फारूकी, कार्तिक त्यागी, भुवनेश्वर कुमार, टी. नटराजन, उमरान मलिक, हैरी ब्रूक, मयंक अग्रवाल, हेनरिक क्लासेन, आदिल राशिद, मयंक मारकंडे, विवरांत शर्मा, समर्थ व्यास, संवीर सिंह, उपेंद्र यादव, मयंक डागर, नीतीश कुमार रेड्डी, अकील होसेन और अनमोलप्रीत सिंह।

# अभी तक फाफ डु प्लेसिस के सिर पर ऑरेंज कैप का ताज, दूसरे खिलाड़ी लग रहे जोर



मुंबई । आरसीबी के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शतक लगाकर आईपीएल 2023 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप-5 बल्लेबाजों में अपनी जगह बनाई है। वहीं आईपीएल 2023 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में फाफ डुप्लेसिस का नाम सबसे उपर हैं, उन्होंने इस सीजन में 702 रन बनाए हैं। इस दौरान फाफ ने अब तक 13 मैचों में 58.80 की औसत और 153.95 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं और वह लिस्ट में शीर्ष पर हैं। कोहली और डुप्लेसी के अलावा टॉप-5 में यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल और डेवोन कॉन्वे हैं। ऑरेंज कैप अभी फाफ डु प्लेसिस के सिर पर हैं, जिस बाकी खिलाड़ी अपने नाम करने के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं। वहीं राजस्थान रॉयल्स के युवा खिलाड़ी यशस्वी बल्लेबाजी की दौड़ में दूसरे स्थान पर हैं। यशस्वी ने अब तक कुल 14 मैचों में 625 रन बनाए है। तीसरे स्थान पर गुजरात टाइटनस के शुभमन गिल है जिन्होनें अब तक कुल 13 मैच में 576 रन बनाए हैं, चौथे स्थान पर आरसीबी के स्टार विराट कोहली ने कुल 13 मैचों में 538 रन बनाए है, वहीं पाचवे स्थान पर डेवोन कॉन्वे मौजुद है, इन्होंने कुल 13 मैचों में 498 रन बनाए हैं। आईपीएल 2023 में टॉप पांच बल्लेबाज में फाफ डु प्लेसिस 702 रन बनाकर नंबर एक पर, यशसवी जायसवाल 625 रन बनाकर दूसरे नंबर पर, शुभमन गिल 576 रनों के साथ तीसरे पायदान पर, वहीं विराट कोहली 538 रन के साथ चौथे स्थान पर और डेवोन कॉन्वे 498 रन के साथ पांचवे पायदान पर हैं।

# विराट कोहली ने किया संन्यास पर खुलासा, फैंस की उम्मीदों पर खरा उतरना जरुरी

**मुंबई (एजेंसी)।** विराट कोहली ने कहा है कि हमें अपने फैंस की उम्मीदों पर खरा उतरना जरुरी है, तभी हमारे खेलने का कोई मतलब है। उन्होंने सन्यास पर खुलासा करते हुए कहा कि उस समय वह हताश जरा भी नहीं थे। गौरतलब है कि विराट कोहली आईपीएल 2023 में बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं। वे 500 से अधिक रन बना चुके हैं। टी20 लीग के 16वें सीजन में उन्होंने अपने पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ ताबड़तोड़ शतक ठोका। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को इस मैच में जीत मिली और उसके प्लेऑफ की उम्मीद बची हुई है। टीम के 13 मैच में 14 अंक हैं। अंतिम मुकाबले में उसे रविवार 21 मई को गुजरात टाइटंस से भिड़ना है। कोहली अब तक इंडियन प्रीमियर लीग का खिताब नहीं जीत सके हैं। पिछले साल एशिया कप से पहले विराट कोहली ने ब्रेक लिया था। अब उन्होंने इसे लेकर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने एक चैनल पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा से बातचीत करते हुए कहा कि मैं जब ब्रेक के बाद वापसी कर रहा था, तो मेरे साथ यह भी सोच थी कि यह मेरा कॉम्पटेटिव क्रिकेट का अंतिम महीना हो सकता है। यानी वे संन्यास की सोच रहे थे। उन्होंने कहा कि मैं इसके साथ बिल्कुल ठीक था। मैं खुश था कि भगवान ने मुझे क्या दिया है। मैं हताश



नहीं था।

गौरतलब है कि विराट कोहली ने एशिया कप के दौरान ही अफगानिस्तान के खिलाफ अपने टी20 इंटरनेशनल करियर का पहला शतक ठोका था। लगभग 3 साल से अधिक समय बाद वे इंटरनेशनल क्रिकेट में शतक लगाने में कामयाब हुए थे। अफगानिस्तान के खिलाफ ओपनिंग करने को लेकर उन्होंने खुलासा किया कि कोच राहुल द्रविड़ ने मैच से एक दिन पहले मुझसे पूछा कि क्या तुम कल ओपनिंग करना चाहते हो। मैंने कहा कि 100 फीसदी। विराट कोहली ने कहा कि मेरे लिए यह मौका अच्छा रहा। मैंने ओपनिंग की और गेंद को हिट करना शुरू कर दिया। सब कुछ मेरे लिए अच्छा हो गया और मुझे वह उत्साह फिर से मिल गया। यह इसलिए हुआ, क्योंकि मैं खुद को लेकर कभी असुरक्षित नहीं था। मैं खुद फैंस की उम्मीदों की पर खरा उतरना चाह रहा था। इसे मैं कह नहीं सकता था, लेकिन इसके लिए मेरी कड़ी मेहनत लगातार जारी थी।

विराट कोहली ने कहा कि अंत में मुझे में इसमें सफलता भी मिली। खराब दौर से उबरने के लिए मैंने ब्रेक लिया था। कोरोना का समय किसी के लिए भी काफी कठिन था। मैंने भी इस कारण ब्रेक लिया और वो फिर से हासिल कर लिया, जो मैं चाहता था। उन्होंने बताया कि कोरोना के कारण हम 10 महीने तक कोई क्रिकेट नहीं खेल सके थे। 2020 में मैंने सिर्फ 6 मैच खेले थे। इसके बाद भी सिर्फ मेरे शतक की बात हो रही थी। पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली ने बताया कि उस समय हर मैच के बाद मुझसे खराब प्रदर्शन के बारे पूछा जा रहा था। क्या मेरे 70 रन काफी नहीं थे। उन्होंने कहा कि मैं समझ गया कि लोग मुझसे क्या उम्मीद कर रहे हैं। इस कारण बार-बार ये सवाल किए जा रहे थे। लेकिन इसे लेकर मैं अधिक परेशान नहीं हुआ और यही सोच रहा था कि अभी मैं टीम के लिए योगदान दे रहा हूं।

# पाकिस्तान के हॉकी कोच एकमैन को 12 माह से नहीं मिला वेतन, दिया इस्तीफा

कराची । पाकिस्तान के हॉकी कोच सिगफ्रीड एकमैन ने पिछले 12 महीने से वेतन नहीं मिलने के कारण अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। एकमैन ने पिछले साल पाकिस्तान की हॉकी टीम का कोच पद संभाला था। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए मुख्य कोच पद छोड़ने की घोषणा की। नीदरलैंड के रहने वाले एकमैन पिछले साल के आखिर में वेतन विवाद के कारण स्वदेश लौट गए थे, लेकिन उन्होंने बकाया वेतन नहीं मिलने के कारण पद नहीं छोड़ा था। कोई समाधान नहीं होने के कारण उन्होंने आखिर में इस्तीफा दे दिया। एकमैन ने जिस समय पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) को अपना इस्तीफा भेजा, उसी समय नीदरलैंड के रहने वाले अन्य कोच रोलेंट ओल्टमैंस पाकिस्तान पहुंचे। वह रविवार को राष्ट्रीय जूनियर टीम के साथ मस्कट के लिए रवाना होने वाले हैं, जहां पाकिस्तान की टीम एशिया जूनियर कप में भाग लेगी। पीएचएफ ने यह नहीं बताया कि ओल्टमैंस के वेतन का भुगतान कौन करेगा या एकमैन का बकाया चुकाया जाएगा या नहीं।

# शतरंज टूर्नामेंट में प्रज्ञानन्दा ने लगातार हासिल की दूसरी जीत

शारजाह । शतरंज टूर्नामेंट में प्रज्ञानन्दा ने लगातार दूसरी बार जीत हासिल की है। शतरंज इतिहास के सबसे मजबूत ओपन इंटरनेशनल ग्रांड मास्टर शतरंज टूर्नामेंट का दूसरा राउंड 39 मुकाबलों में से सिर्फ 10 परिणाम लेकर आया जबकि 29 मुक़ाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए। दूसरे दिन के बाद सिर्फ दो खिलाड़ी भारत के आर प्रज्ञानन्दा और विश्व महिला शतरंज चैम्पियन जू वेंजून दो ही ऐसे खिलाड़ी है जो 2 अंको पर खेल रहे हैं और अगले राउंड में दोनों के बीच मुक़ाबला होगा। प्रज्ञानन्दा और जू के बीच इससे पहले दोनों के बीच 2019 में एक मुक़ाबला हुआ था जिसमें उस समय 13 वर्षीय प्रज्ञानन्दा जीतने में सफल रहे थे। दूसरे राउंड में प्रज्ञानन्दा का मुक़ाबला था हमवतन रौनक साधवानी से, सफ़ेद मोहरों से खेलते हुए प्रज्ञानन्दा नें राय लोपेज एक्स्चेंज वेरिएशन में रौनक के राजा के ओर के हिस्से में शुरुआत से दबाव बनाना शुरू कर दिया था पर खेल की 15वीं चाल में रौनक अपने घोड़े की कुछ चालें चलते समय उनके राजा पर होने वाले आक्रमण को ठीक तरह से नहीं समझ पाये और उसके बाद उनका खराब ऊंट और राजा की खराब स्थिति 37 चालों में उनकी हार का कारण बनी। वहीं भारत के दिग्गज खिलाड़ी विदित गुजराती को चीन की महिला विश्व शतरंज चैम्पियन जू वेंजून के हाथों अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा , विदित सफ़ेद मोहरो से वेंजून के खिलाफ सफ़ेद मोहरो से किंग्स पान ओपनिंग में एंडगेम में लगातार गलतियों के चलते 51 चालों में बाजी हार गए । अन्य प्रमुख परिणामों में ईरान के परहम मघसूदलू नें उक्रेन के अंटोन कोरोबोव से ,भारत के डी गुकेश नें बुल्गारिया के इवान चेपारिनोव से , भारत के एसएल नारायनन नें चीन के यू यांगयी से ,भारत के अर्जुन एरिगासी नें टरकी जे यिलमज मुस्तफा से ,भारत के अरविंद चितांबरम नें रूस के आन्द्रे एसीपेंकों से और भारत के निहाल सरीन नें जॉर्जिया के मिखाइल मिखिश्विली से बाजी ड्रॉ खेली।

# ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर और हॉकी ओलंपियन बूथ का निधन



**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर और हॉकी ओलंपियन ब्रायन बूथ का 89 साल की उम्र में निधन हो गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को यह जानकारी दी। बूथ ने ऑस्ट्रेलिया की तरफ से 29 टेस्ट मैच खेले, जिसमें से दो मैचों में वह कप्तान भी रहे। उन्होंने अपने टेस्ट करियर में पांच शतक लगाए। वह 1960 के दशक के शुरुआती वर्षों में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के महत्वपूर्ण सदस्य थे।

उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 42.21 की औसत से 1773 रन बनाए। इसके साथ ही बूथ ने 1956 में मेलबर्न में खेले गए ओलंपिक खेलों में ऑस्ट्रेलिया की हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व भी किया था। उनके निधन के कारणों का खुलासा नहीं किया गया है। मध्यक्रम के बल्लेबाज बूथ ने 1962 में इंग्लैंड के खिलाफ अपने पहले घरेलू टेस्ट मैच में शतक जड़ा था। इसके बाद मेलबर्न में हुए अगले टेस्ट मैच में भी उन्होंने शतक बनाया था। बूथ ने न्यू साउथ वेल्स के लिए खेलकर डोमेस्टिक लेवल पर 93 फर्स्ट क्लास मुकाबलों में 5577 रन बनाए, जिसमें उनके बल्ले से 11 शतक भी देखने को मिले। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ निक हॉक्ले ने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी के निधन पर कहा, ब्रायन को पूरे क्रिकेट कम्युनिटी और उसके बाहर बहुत सम्मान और प्रशंसा मिली है। हम उनकी पत्नी जूडी, उनके परिवार और दोस्तों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा, 50 से कम खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलियाई पुरुषों की टेस्ट टीम की कप्तानी की है और ब्रायन का नाम उस सूची में शामिल है जिसमें खेल के कई दिग्गज शामिल हैं। उनका असाधारण जीवन रहा है और उनकी कमी काफी ज्यादा खलेगी। क्रिकेट में उनका योगदान एक प्रेरणा बना हुआ है और उन्हें आगे भी हमेशा याद किया जाएगा।

# जब अंशुमन भारत के कोच थे, वहां समय मेरे कैरियर का बेहतर समय था : तेंदुलकर

**मुम्बई (एजेंसी)।** दिग्गज पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने कहा कि जब अंशुमन गायकवाड भारत के कोच थे, तब वे उनके क्रिकेट करियर के कुछ अच्छे वर्षों में से एक थे और वह इसतरह के व्यक्ति हैं जिन पर आप हमेशा भरोसा कर सकते हैं। पूर्व सलामी बल्लेबाज गायकवाड 1997 से 1999 तक भारत के कोच रहे थे। इस दौरान तेंदुलकर ने कुछ शानदार पारियां खेली थी जिसमें शारजाह में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगाए गए दो शतक भी शामिल हैं। सचिन ने गायकवाड़ की जीवनी 'गट्स एमिडस्ट ब्लडबाथ के विमोचन के मौके पर कहा, ''मैं वास्तव में भाग्यशाली था कि जब वह हमारे कोच थे तब मुझे उनके साथ समय बिताने का मौका मिला। संभवत- जब वह कोच से तब वे मेरे करियर के बेहतर वर्ष थे। हम मेरी बल्लेबाजी और मुझे कैसा रवैया अपनाना चाहिए इसको लेकर चर्चा किया करते थे।

उन्होंने कहा, प्रत्येक खिलाड़ी के करियर में उतार-चढ़ाव आते हैं लेकिन वह हमेशा आपकी मदद के लिए मौजूद रहते थे। वह ईमानदार और बेहद पारदर्शी थे। वह ऐसे व्यक्ति थे जिन पर आप भरोसा कर सकते थे। उनके साथ जो भी चर्चा होती थी वह हमेशा गोपनीय रहती थी। यह किसी कोच का महत्वपूर्ण गुण होता है। हम वास्तव में एक दूसरे को अच्छी तरह से जानते हैं। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज जहीर खान ने गेंदबाजी करते हुए क्रीज पर दौड़ने की उनकी कमजोरी को दूर करने का श्रेय गायकवाड को दिया। जहीर ने कहा, ''वह तब कोच थे जब पहली बार मैं क्रीज पर दौड़ने की समस्या से रूबरू हुआ। मैं अपने फॉलो-थ्रू पर नियंत्रण नहीं रख पा रहा था लेकिन अंशु भाई ने इस बहुत अच्छी तरह से संभाला। अगर वह मेरी इस कमजोरी को दूर करने में मदद नहीं करते तब मेरा टीम में चयन नहीं हो पाता।



# यूरोपा लीग के फाइनल में पहुंची सेविला, रोमा से मुकाबला करने की तैयारी

मैड्रिड । सेविला ने जीत हासिल करके लीग के फाइनल में अपनी जगह बना ली है। सेविला ने 120 मिनट के रोमांचक मुकाबले में जुवेंटस को 2-1 से हरा दिया, जो अतिरिक्त समय तक बढ़ा और 3-2 की कुल जीत दर्ज करते हुए यूरोपा लीग फाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उसका मुकाबला रोमा से होगा। अपने सातवें यूरोपा लीग खिताब के लिए इस मौके को सुरक्षित करना, कोच जोस लुइस मेंडिलिबार के नेतृत्व में सेविला के उल्लेखनीय परिवर्तन का परिणाम है, जिन्होंने अपने 12-गेम के कार्यकाल में सिर्फ एक हार का सामना किया है। हालां ?कि खेल में शुरूआती हाफ आक्रामक कौशल का एक पूर्ण प्रदर्शन था, जिसमें दोनों टीमों ने एक जोरदार मुकाबले में नियंत्रण हासिल करने के अवसर बनाए। सेविला के गोलकीपर बोनो ने गेम के 12वें मिनट में कार्नर किक के बाद गट्टी के शक्तिशाली हेडर को डिफ्लेक्ट करते हुए एक असाधारण बचाव किया। सेविला का दबदबा था, और जुवेंटस के गोलकीपर वोज्शिएक स्जेसनी ने 23वें मिनट में लुकास ओकाम्पोस के डाइविंग हेडर को आखिरी सेकंड में विफल कर दिया।

**पॉपुलर एक्ट्रेस ऐश्वर्या सखूज़ा तकरीबन दो साल बाद टेलीविजन पर लौट आई हैं। इन दिनों, अभिनेत्री शो जुनूनियत में अहम किरदार में नजर आ रही हैं। ऐश्वर्या की पर्सनल लाइफ की बात करें तो उनकी शादी को 9 साल हो गए हैं। हालांकि, इस शादी को बरकरार रखना, अभिनेत्री और उनके पार्टनर रोहित नाग के लिए बिलकुल आसान नहीं था।**

# मैं बिंदास, इंडिपेंडेंट वीमेन हूं मेरे साथ रहना किसी के लिए आसान नहीं

ऐश्वर्या की मानें तो उनकी जिंदगी में एक वक्त ऐसा भी आया जब उन्होंने शादी तोड़ने के बारे में सोचा था। हाल ही में दैनिक भास्कर से खास बातचीत के दौरान, ऐश्वर्या ने अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ से जुड़ी कुछ खास बातें शेयर की।

**ऐश्वर्या सखूजा और रोहित नाग 2014 में शादी के बंधन में बंधे शादी से पहले जो स्पेस हमें खुद के लिए मिलता था, वो मिलना बंद हो गया था**

देखिए, मैं बहुत ही ज्यादा इंडिपेंडेंट वीमेन हूं, मैं जब से मुंबई अपने काम के सिलसिले में आई हूं, मुझे अकेले रहने की आदत हो गई थी। हां, उस वक्त मैं अपनी किसी एक सहेली के साथ जरूर अपना कमरा शेयर करती थी, लेकिन हम दोनों ने एक दूसरे को स्पेस दे रखा था। शादी से पहले मैं कभी किसी आदमी के साथ नहीं रही हूं तो मुझे इन सारी चीजों को आदत नहीं थी। जब शादी हुई, तब अचानक से रोहित और मुझे एडजस्टमेंट करने पड़े। एक वक्त ऐसा भी था जब दोनों के पास काम नहीं था और हम 24 घंटे, दिन-रात एक दूसरे के सामने या साथ होते थे। शादी से पहले जो स्पेस हमें खुद के लिए मिलता था, वो मिलना बंद हो गया था।

**एक वक्त लगा की हम ऐसे एक-दूसरे के साथ नहीं रह सकते**

सच कहूं तो मेरे साथ एक छत के नीचे रहना किसी के लिए आसान नहीं। रोहित को मेरे कई आदतें या पर्सनालिटी ट्रेट्स के साथ एडजस्ट करने में बहुत मुश्किल हो रही थी। शादी के बाद, एक-दूसरे की आदतें ज्यादा समझने लगे, जिससे हम ज्यादा परेशान होने लगे। एक वक्त लगा की हम ऐसे एक दूसरे के साथ नहीं रह सकते। हम अलग होने के कगार पर थे...लेकिन अचानक से हमने एक आखरी मौका देने का सोचा। हम बाली वेकेशन के लिए गए, वहां हमें एक ज्योतिष ने हमारी शादी को आशीर्वाद दिया और कहा की आप लोग खुशनसीब हो की आपको प्यार हुआ और आपने शादी भी की। हमने उस ज्योतिष की बात को काफी गंभीरता से ली और अपनी शादी को आखिरी बार बचाने का निर्णय लिया। अब हम बहुत अच्छे से एक दूसरे को एडजस्ट कर रहे हैं और अपनी जिंदगी में खुश हैं। हेल्थ मेरा फेवरेट टॉपिक हैं, मैं अपने सोशल मीडिया पर इस टॉपिक को लेकर काफी पोस्ट करती हूं। ऐसे में जब कुछ लोग नेगेटिव कमेंट करते हैं तो बहुत बुरा लगता हैं। हालांकि, मैं फिर उसे ज्यादा वक्त तक सोचती नहीं। मुझे इस बात का भी बहुत बुरा लगता हैं जब लोग मेरे हेल्थ के बारे में गलत बातें मार्केट में फैलाते हैं। मैं सोशल मीडिया पर डायबिटीज और हेल्थ को लेकर काफी कंटेंट पोस्ट करती हूं तो लोगों को लगता हैं कि मैं बहुत बीमार हूं। लोग ये अफवाह फैलाते है की ऐश्वर्या सखूजा की तबीयत खराबहैं। मैं जब किसी अवार्ड फंक्शन में जाती हूं तब भी लोग पूछते हैं, आप ठीक हैं? आपकी तबीयत ठीक हैं? मैं उन्हें जवाब देतीहूं, भाई, आप बताइए मुझे हुआ क्या हैं? बहुत गुस्सा आता हैं इन बातों से।

**बिना कुछ सोचे समझे मैंने शो के लिए हामी भर दी**

सास बिना ससुराल के बाद, रवि दुबे के साथ 12 साल बाद काम करना बेहद खास अनुभव है। इससे पुरानी यादें ताजा हो गई हैं। जब मुझे शो में काम करने का ऑफर मिला, तो बिना कुछ सोचे समझे मैंने शो के लिए हामी भर दी। मैं शो में डॉक्टर परी की भूमिका निभा रही हूं। मुझे यकीन है कि दर्शक शो में मेरी भूमिका को पसंद करेंगे।



# सिंड्रेला बनकर मानुषी ने किया कान्स फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू



कान्स फिल्म फेस्टिवल 2023 का आगाज हो चुका है। कान्स के रेड कार्पेट पर बॉलीवुड की कई हसीनाएं भी अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेरती नजर आ रही हैं। इस साल पूर्व मिस वर्ल्ड और एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर ने भी कान्स के रेड कार्पेट पर डेब्यू किया है। मानुषी ने शानदार अंदाज में रेड कार्पेट पर एंट्री ली। मानुषी छिल्लर ने व्हाइट कलर की ड्रेस पहनकर कान्स फिल्म फेस्टिवल में एंट्री की। इस ड्रेस में वह सिंड्रेला से कम नहीं लग रही थीं। मानुषी ने फोविर का व्हाइट कलर का रफल गाउन पहना था। इसके साथ उन्होंने ग्रीन स्टोन वाला डायमंड नेकलेस पहना था। मानुषी ने अपने कान्स डेब्यु लुक को मिनिमल मेकअप, रेड नियॉन हील्स और खुले बालों के साथ कम्प्लीट किया था। इस के कान्स लुक की फैंस और सेलेब्स जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक्ट्रेस की तस्वीरें इंटरनेट पर छाई हुई है। मानुषी छिल्लर के वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्होंने अक्षय कुमार के साथ फिल्म पृथ्वीराज से बॉलीवुड डेब्यू किया था। वह जल्द ही फिल्म तेहरान और ऑपरेशन वेलेंटाइन में नजर आने वाली हैं।






# शादी से पहले सबा आजाद संग लिव इन में रहेंगे रितिक रोशन!

बॉलीवुड सुपरस्टार रितिक रोशन इन दिनों अपनी लव लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। सुजैन खान से तलाक के बाद रितिक एक्ट्रेस सबा आजाद संग रिलेशनशिप में हैं। दोनों अक्सर साथ में टाइम स्पेंड करते नजर आते हैं। सबा रितिक के फैमिली फंक्शन में भी शिरकत करती हैं। बताया जा रहा है कि दोनों जल्द शादी भी कर सकते हैं। वहीं अब खबर आ रही है कि रितिक और सबा शादी से पहले लिव-इन में रहेंगे। रितिक रोशन ने बीते साल मुंबई में दो लैविश फ्लैट खरीदे थे, जिनका रेनोवेशन शुरू हो चुका है। कपल जल्द ही यहां शिफ्ट होगा। ये फ्लैट उन्होंने मुंबई के पॉश इलाके की मन्नत नाम की बिल्डिंग में खरीदे हैं। इससे पहले भी रितिक और सबा के लिव इन में रहने की खबरें सामने आई थी। हालांकि रितिक ने इन खबरों का खंडन किया था। उन्होंने कहा था, इसमें कोई सच्चाई नहीं है। एक सेलिब्रिटी होने के कारण मैं समझता हूं कि मैं जिज्ञासा के दायरे में रहूंगा, लेकिन यह सबसे अच्छा है कि हम गलत खबरों को दूर रखें, खासकर हमारी रिपोर्ट्स में जो कि एक जिम्मेदारी वाला काम है। वर्क फ्रंट की बात करें तो रितिक रोशन जल्द ही फिल्म फाइटर में नजर आने वाले हैं।

# कपिल ने उड़ाया अपनी ही फिल्म का मजाक



'द कपिल शर्मा' शो के मेकर्स ने अपने आगामी एपिसोड का प्रोमो रिलीज किया है, जिसमें बेलमकोंडा श्रीनिवास, नुसरत भरुचा और भाग्यश्री अपनी हालिया रिलीज हुई फिल्म छत्रपति के प्रमोशन के लिए शो में पहुंचे। प्रोमो रिलीज होते ही इंटरनेट पर तेजी से वायरल होने लगा। इस प्रोमो की खास बात यह है कि इस बार कपिल किसी और का नहीं बल्कि अपनी ही फिल्म का मजाक उड़ाते नजर आते हैं। हालिया रिलीज प्रोमो में कपिल अभिनेता श्रीनिवास से उनकी पसंदीदा हिंदी फिल्मों के बारे में पूछते हैं। इसका जवाब देते हुए अभिनेता कहते हैं कि उन्हें 'दिल चाहता है' और 'रंग दे बसंती पसंद' फिल्म काफी पसंद है। इसपर रिएक्ट करते हुए कपिल कहते हैं सब लोग अच्छी अच्छी ही फिल्में क्यों देखते हैं। आगे वह अभिनेता से सवाल करते हैं कि क्या आपने कभी फिरंगी नहीं देखी। इस सवाल के जवाब में अभिनेता चुप रहते हैं। आगे कपिल कहते हैं कि मैं उस आदमी को ढूंढ़ रहा हूं, जिसमें यह फिल्म देखी है। कपिल के इतना कहते ही वहां की ऑडियंस जोर जोर से हंसने लगती है।



# रिताभरी चक्रवर्ती की फटाफटी बंगाली सिनेमा में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म की राह पर

रिताभरी चक्रवर्ती की फटाफटी बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होने के बाद से ही हर दर्शक के लिए आनंददायक रही है। 25 किलो वजन, दमदार डायलॉग्स, सच्चे इमोशंस और बेदाग डायरेक्शन ने दर्शकों को अलग-अलग लेवल पर छुआ है। सोशल मीडिया पर एक बार फिर से बॉडी पॉज़िटिविटी को लेकर बातचीत शुरू हो गई है और इसके रिताभरी धन्यवाद की पात्र हैं। विंडो की यह फिल्म 12 मई 2023 को रिलीज हुई थी और इसने दर्शकों के बीच खासा धमाल मचाया है। फिल्म 4 दिनों में 82 लाख पार कर चुकी है और बंगाली सिनेमा के इतिहास में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनने के लिए तैयार है। रिताभरी ने बांग्ला सिनेमा को बड़े और व्यापक स्तर पर चमकाने की जिम्मेदारी उठाई है और उन्हें अपनी मेहनत का फल चखने को मिल रहा है। उनकी पिछली फिल्म ब्रह्मा जानेन गोपोन कोमोती भी बहुत सफल रही थी। यह भी पहली बार है कि किसी महिला अभिनेत्री ने एक के बाद एक दो हिट फिल्में दी हैं और बड़ी परियोजनाओं को अपने कंधों पर ले लिया है और ऐसा किया है जो पहले बंगाली फिल्म उद्योग में किसी अन्य अभिनेत्री ने नहीं किया है। रिताभरी चक्रवर्ती ने पहली बार अबीर चटर्जी के साथ जोड़ी बनाई। फिल्म में स्वस्तिका दत्ता, सोमा चक्रवर्ती, रक्तिम सामंत, अरिजिता मुखोपाध्याय, देबोश्री गांगुली, संघश्री सिन्हा, असमी घोष और लोकनाथ डे भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।





# देशद्रोही नेताओं के खिलाफ बोलने से हो रहा नुकसान

बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत ने दावा किया है कि उन्हें 25 से ज्यादा ब्रांड एंडोर्समेंट से हटा दिया गया और हर साल 30-40 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ, क्योंकि उन्होंने राजनेताओं, राष्ट्र-विरोधी, टुकड़े-टुकड़े गिरोह के खिलाफ बात की थी। कंगना ने इंस्टाग्राम पर ट्विटर प्रमुख एलन मस्क का एक इंटरव्यू शेयर किया। जिसमें एलन मस्क ने कहा है कि मेरा जो मन करेगा मैं कहूंगा, फिर इसके नतीजे में भले ही क्यों न मुझे आर्थिक नुकसान उठाना पड़े। उन्होंने कैप्शन में लिखा, सच्ची आजादी और कामयाबी का यही कैरेक्टर है। हिंदुत्व के लिए बोलने, राजनेताओं, एंटी नेशनल्स, टुकड़े गैंग के खिलाफ बयान देने का नुकसान ये हुआ कि मुझे 20-25 ब्रांड के विज्ञापनों से हटाया गया। उन्होंने मुझे रातों रात निकाल दिया। इससे मुझे हर साल 30 से 40 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। कंगना ने कहा कि उन्हें जो कुछ भी कहना है, उन्हें बोलने से कोई नहीं रोक सकता। मैं निश्चित रूप से एजेंडे से चलने वाली बहुराष्ट्रीय कंपनियों और उनके कॉर्पोरेट ब्रांड प्रमुखों के साथ काम नहीं चाहती, जो भारत की संस्कृति और अखंडता से नफरत करते हैं। मैं एलन की सराहना करती हूं, क्योंकि हर कोई केवल कमजोरियों को प्रदर्शित करता है, कम से कम अमीर व्यक्ति को पैसे की परवाह नहीं करनी चाहिए। वर्कफ्रंट की बात करें तो, कंगना इमरजेंसी, तेजस, चंद्रमुखी 2, मणिकर्णिका रिटर्न्स- द लीजेंड ऑफ दिद्दा और द अवतार- सीता में नजर आएंगी।

# कांस में जलवा बिखेरेंगी सपना

हरियाणा की मशहूर डांसर सपना चौधरी फ्रांस में चल रहे अंतरराष्ट्रीय कांस फिल्म फेस्टिवल में अपना अदा का जलवा बिखेरती दिखाई देंगी। सपना चौधरी पहली ऐसी हरियाणवी कलाकार है, जो कांस फेस्टिवल में हिस्सा ले रही है। इससे पहले भी सपना चौधरी देश-विदेश के कई बड़े मंच पर अपना जलवा दिखा चुकी है। सपना ने कहा कि इस फेस्टिवल में डेब्यू करने के लिए न्योता मिलना बेहद गौरव की बात है, जिससे वह काफी उत्साहित भी है। मुझे पूरी उम्मीद है कि मैं सभी को गौरवान्वित करूंगी। इससे पहले हरियाणा मूल की मानुषी छिल्लर कांस फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू कर चुकी है।

**जब आंख अर कान लगाकर हरियाणे नै देखैगी दुनिया**

सपना चौधरी ने कहा कि इस फिल्म फेस्टिवल को लेकर उन्होंने कोई विशेष तैयारी तो नहीं की है, लेकिन इसको लेकर वह काफी उत्साहित है। सपना ने कहा कि जब वह कांस फेस्टिवल में एंट्री करेगी तो सारी दुनिया हरियाणे नै ए आंख अर कान लगा के देखैगी।

**बिग बॉस से मिली नई पहचान**

सपना चौधरी फेमस हरियाणवी सिंगर और डांसर है। उनके फैंस देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी है। 32 साल की सपना ने सबसे पहले हरियाणवी गानों पर डांस के जरिए पापुलेरिटी हासिल की। उनके कई वीडियो यूट्यूब और सोशल मीडिया पर अपलोड किए गए थे। साल 2016-17 में वह सलमान खान के होस्ट किए जाने वाले चर्चित रियलिटी टीवी शो बिग बॉस में बतौर कंटेस्टेंट नजर आई। जिसके बाद उनकी पापुलेरिटी काफी बढ़ गई।

**मानुषी छिल्लर के बाद दूसरी हरियाणवी**

इस बार कांस फिल्म फेस्टिवल में बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान, मृणाल ठाकुर और ईशा गुप्ता जैसे कई एक्ट्रेसेस भी शामिल होने वाली हैं। इनके साथ ही सपना चौधरी भी रेड कार्पेट पर नजर आने वाली हैं। पूर्व मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर ने भी 76वें कांस फिल्म फेस्टिवल में अपना डेब्यू किया। कांस फिल्म फेस्टिवल में जाने वाली छिल्लर के बाद सपना दूसरी हरियाणवी होंगी।